

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,मंगलवार 7 नवंबर 2023 ■ कार्तिक कृष्ण पक्ष-10 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-220 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 8 नवंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.




# नक्सल इलाकों में जोरदार मतदान

**रायपुर ,7 नवंबर।** छग में 90 में से 20 विस सीटों के लिए मतदान आज सुबह शांतिपूर्ण ढंग से प्रारंभ हुआ। सुबह हल्की ठंड के बाद भी मतदान केंद्रों में मतदाताओं की लाइन लगी थी। मतदान करने के लिए महिला व पुरुष तथा युवाओं में भारी उत्साह नजर आया। चुनाव बहिष्कार नक्सली धमकी के बावजूद मतदाता बड़ी संख्या में अपने घरों से निकले। उन्होंने वोट डालकर धमकी का जवाब दिया। कई मतदान केंद्रों में दोपहर तक 50 प्रतिशत से अधिक मतदान हो चुका था। मतदान के दौरान छिटपुट नक्सली वारदातें हुई है। बस्तर संभाग की 12 और राजनांदगांव, कवर्धा, खैरागढ़ और मोहला-मानपुर जिले की 8 सीटों पर वोट डाले गये। ये सभी विधानसभा क्षेत्र नक्सल प्रभावित व वनक्षेत्र वाले हैं। 5 हजार से ज्यादा मतदान केंद्र बनाए गए हैं। महिला वोटरों की मदद के लिए 200 संगवारी और 11 आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

**नक्सली भय से उंगली पर स्याही नहीं लगवा रहे मतदाता -बीजापुर,7 नवंबर।** माओवादियों के खौफ के बीच ग्रामीण वोट डालने



मतदान केंद्र पहुंच रहे हैं, लेकिन उंगलियों पर अमिट स्याही नहीं लगवा रहे हैं. अबूझमाड़ से सटे भैरमगढ़ ब्लाक के चिह्का गांव में नक्सलियों के खौफ के चलते ग्रामीण स्याही लगवाने से मना कर रहे हैं. वहीं दूसरी तरफ चिह्का पोलिंग बूथ में नक्सली बॉयकाट के बाद भी अंदरूनी इलाके में ग्रामीण अपने अपने साधनों से पहुंच रहे हैं.

## कई मतदान केंद्रों में ईव्हीएम खराब

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के प्रथम चरण के 20 विधानसभा सीटों में मतदान जारी है. मतदान के लिए वोटर्स में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है. सुबह से ही मतदाता मतदान केंद्र के बाहर लंबी कतार में खड़े हैं. इस बीच कई मतदान केंद्रों में ईव्हीएम में खराबी आने की खबर सामने आई है. जिसके चलते मतदाताओं को परेशानी का सामान करना पड़ा. इसकी वजह से कुछ जगहों में देरी से मतदान शुरू हुआ. भानुप्रतापपुर के बूथ क्रमांक 126 में ईव्हीएम खराब हुआ है. मोहला-मानपुर के औंधी के बूथ क्रमांक 226 में ईव्हीएममें खराबी आई है. कोंडागांव के किबई बालेंगा के बूथ क्रमांक 5 में ईव्हीएम में खराबी आई है, जिसकी वजह से एक घंटे बाद मतदान शुरू हुआ. कवर्धा विधानसभा के मतदान क्रमांक 229 में ईवीएम मशीन खराबी आई. इसके चलते 1 घंटे बाद मतदान प्रारंभ हुआ. बोड़ला के बूथ क्रमांक 68 में भी वोटिंग बंद है. ईवीएम में खराबी के चलते मतदाताओं को परेशानी हो रही. राजनादगांव के मतदान केंद्र 28 पुराना ढाबा और बूथ क्रमांक 137 टांका पारा में ईव्हीएम मशीन बंद, पोलिंग बूथ के बाहर मतदाताओं की लंबी लाइन लगी है.

## ट्रांसजेंडरों के लिए रेनबो मतदान केंद्र

**पखांजूर,7 नवंबर।** कांकेर में ट्रांसजेंडर्स के लिए रेनबो मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसमें ट्रांसजेंडर्स वोट करने के लिए पहुंचे। देश में



पहली बार ट्रांसजेंडर्स के लिए मतदान केंद्र बनाया गया है। थर्ड जेण्डर को स्पेशल महसूस कराने और जेण्डर इक्वालिटी का संदेश देने के उद्देश्य से पखांजुर में बने देश का पहला रेनबो मतदान केंद्र में थर्ड जेण्डरो ने मतदान किया। यहां थर्ड जेंडरों के लिए खास व्यवस्था की गई है। जब थर्ड जेण्डर मतदान करने पहुंचे तो मतदान मित्रो ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और गुलदस्ता देकर स्वागत किया।

## लाइन में लगकर कलेक्टर, एसपी ने डाले वोट

**कांकेर, 7 नवम्बर ।** प्रदेश की बीस सीटों पर वोटिंग शुरू हो गयी है। इस महापर्व में आम और खास सभी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। कांकेर में कलेक्टर सह जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला, एसपी दिव्यांग पटेल और जिला पंचायत के सीईओ सुमित




अग्रवाल ने मतदान का प्रयोग किया। आदर्श मतदान केंद्र माहुरबंदपारा में वोट देकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस अवसर पर सभी अधिकारियों ने सेल्फी कॉर्नर और ÷हम साथ साथ हैं÷ फ़ोटो कॉर्नर में एक साथ तस्वीर भी खिंचाई और सभी वोटर्स को मतदान अवश्य करने का संदेश भी दिया।

## बंडा मतदान केंद्र पर नक्सलियों ने की फ़ायरिंग

**सुकमा,7 नवंबर।** सुकमा के बंडा मतदान केंद्र पर नक्सलियों ने फ़ायरिंग की है. वही जवाबी कार्रवाई के बाद भाग खड़े हुए. फ़िलहाल बंडा मतदान केंद्र में दहशत का माहौल बना हुआ है.

कोंटा इलाके के बंडा मतदान केंद्र का ये पूरा मामला है। डीआरजी जवानों ने भी की नक्सलियों पर जवाबी कार्रवाई देखी गई। जवानों की जवाबी कार्रवाई के बाद नक्सली भागते हुए नजर आए। मौक़े पर मतदान फिर हुई शुरू मौक़े पर डीआरजी के जवान अलर्ट मोड पर आ गए हैं। बता दें कि सुबह टोंडामर्का इलाक़े में नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया है। ब्लास्ट में सीआरपीएफ कोबरा बटालियन का जवान घायल बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अमुसार, जहांआईईडी ब्लास्ट हुई है वहां मतदान दल के सुरक्षा में जवान लगे थे। फिलहाल मामले की आधिकारिक पुष्टि एसपी ने की है।

## मतदान केंद्र में सन्नाटा

**कवर्धा।** कई पोलिंग बूथों में मतदाताओं की भारी भीड़ देखने को मिल रही है. कई मतदान केंद्रों में लोग वोटिंग के लिए लम्बी-लम्बी कतारों में दिखें. इस बीच पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के एक मतदान केंद्र में सन्नाटा पसरा हुआ है. यहां एक भी मतदाता वोट डालने मतदान केंद्र नहीं पहुंचे हैं। आपको बता दें कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भरेवापारा के मतदाताओं ने मतदान का बहिष्कार किया है. बताया जा रहा है कि गांव में विकास नहीं होने के चलते ग्राम वासियों




में नाराजगी है. तो वहीं अधिकारी मतदान करने के लिए ग्रामीणों को मनाने गांव पहुंचे हैं. मतदान केंद्र में दोपहर तक एक भी वोट नहीं पड़ा था। पोलिंग एजेंट वोटरों का इंतजार करते रहे हैं।

## आयकर का छापा

**रायपुर,7 नवंबर।** छत्तीसगढ़ की न्यायधानी और मध्यप्रदेश की राजधानी में एक साथ आयकर टीम के दबिश दिए जाने की खबर है. प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक आयकर विभाग की टीम ने मध्यप्रदेश के भोपाल और छत्तीसगढ़ में बिलासपुर स्थित सोम ग्रुप के ठिकानों पर दबिश दी है. ये कंपनी मुख्यत: भोपाल की है और यहां बिलासपुर में सोम ग्रुप की सिरगिट्टी स्थित डिस्टलरी है। सूत्रों का दावा है कि सोम ग्रुप के सिरगिट्टी स्थित डिस्लेरी में इन्दौर और मुम्बई की संयुक्त आयकर टीम ने छापा मारा है. सोम ग्रुप मालिक के मालिक का नाम जगदीश अरोरा बताया जा रहा है.

# छत्तीसगढ़ को भाजपा ने बनाया है, भाजपा ही संवारेगी: पीएम

**रायगढ़,7 नवंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दूसरे चरण के विधानसभा चुनाव के लिए सरगुजा संभाग में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करने सूरजपुर पहुंचे. इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रदेश कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ को भाजपा ने बनाया और भाजपा ही इसे संवारेगी. इसलिए लोग कह रहे हैं कि भाजपा आवथे. सूरजपुर के दतिमा स्थित जम्बूरी मैदान में आयोजित विजय संकल्प महारैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, विष्णुदेव साय के साथ सरगुजा संभाग के 14 विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशियों की मौजूदगी में सभा में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं यहां चुनाव प्रचार करने नहीं आया हूं. मैं यहां आपको 3 दिसंबर के बाद बनने वाली भाजपा सरकार के शपथ समारोह का निमंत्रण देने आया हूं. प्रधानमंत्री ने महारैली को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में आदिवासियों की आबादी 9-10 करोड़ है, आजादी के बाद दशकों तक कांग्रेस के लिए आदिवासियों का कोई वजूद ही नहीं थी. उन्हें उनके नसीब पर छोड़ दिया था. कांग्रेस ने कभी आपकी चिंता नहीं की. आपके बच्चों के बारे में नहीं सोचा. जबकि



भाजपा ने हमेशा आदिवासी कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी. क्या कभी आपने सोचा था कि आदिवासी परिवार से निकली, गरीब घर में पैदा हुई बेटी देश की राष्ट्रपति बनेगी. उन्होंने कांग्रेस ने उन्हें रोकने, उनके अपमान की इतनी कोशिश की, जिसकी आप कल्पना नहीं कर सकते. लेकिन आदिवासी समाज की बहनों को यह सम्मान भाजपा ने ही दिया है.

## पुल से गिरी इनोवा को मालगाड़ी ने मारी टक्कर, तीन की मौत

**रायगढ़।** जिले के कर्जत क्षेत्र में एक भीषण हादसा हो गया है। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है, जबकि दो अन्य लोग घायल हुए हैं। यह हादसा कर्जत के नेरल किरवली ब्रिज पर हुआ, जब एक इनोवा पुल से नीचे रेलवे ट्रैक पर गिर गई। इसी दौरान मालगाड़ी ने इनोवा में टक्कर मार दी। मालगाड़ी की टक्कर से यह हादसा हुआ। हादसे में तीन की मौत हो गई है, जबकि दो घायल हैं। घायलों को एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें कि नेरल किरवली ब्रिज पर एक इनोवा गाड़ी जा रही थी। इसी दौरान अनियंत्रित होकर इनोवा गाड़ी पुल से सीधे 15 फिट नीचे रेलवे ट्रैक पर जा गिरी गाड़ी। वहीं गाड़ी के रेलवे ट्रैक पर गिरने के बाद उसी ट्रैक पर एक मालगाड़ी भी आ गई। इसके बाद पटरी से जा रही तेज रफ्तार मालगाड़ी की टक्कर लगने के कारण यह हादसा हुआ।



# प्रधानमंत्री मोदी के ऐतिहासिक विकास कार्यों से भाजपा की जीत सुनिश्चित : सत्यनारायण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 7 नवंबर।** अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के चुनाव में भाजपा के मुख्य चुनाव संचालक एवं पूर्व साडाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यो को ऐतिहासिक बताते हुए कहा है कि मोदी मंत्र का प्रभाव ऐसा है कि प्रत्येक विधान सभा क्षेत्रों में भाजपा की लहर चल रही है और प्रदेश में बीजेपी की सरकार बनाना तय है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता जीत के मिशन में जी जान से लग गए हैं। बूथ सशक्तिकरण अभियान जैसे कार्यक्रमों के फलस्वरूप बूथ स्तर पर कार्य किया जा रहा है। अहिवारा विधानसभा क्षेत्र में प्रत्याशी डोमनलाल कोर्सेवाड़ा का धुआंधार जनसम्पर्क चल रहा है जहाँ लोगों का अपार जनसमर्थन उन्हें प्राप्त हो रहा है। बीजेपी के सीनियर लीडर सत्यनारायण अग्रवाल ने बताया कि अहिवारा विधासभा क्षेत्र के 290 बूथों में चारों मंडल के पदाधकारी अपने काम में जी जान से लगे हैं। 90 गांवों में बीजेपी प्रत्याशी की पकड़ मजबूत हो गयी है। उन्होंने कहा कि भाजपा का जनाधार पहले से बहुत बढ़ गया है। एक बार डोमनलाल कोर्सेवाड़ा फिर सांवलराम डहरे विधायक रहे। वे सीधे सरल सज्जन जनप्रतिनिधि रहे इसका लाभ बीजेपी प्रत्याशी को अवश्य मिलेगा। जहाँ तक दो निकाय और मुख्यमंत्री का निगम क्षेत्र होने और कांग्रेस का महापौर होने का सवाल है तो उन लोगों का भारी विरोध है। भिलाई-चरोदा का महापौर स्वयं को मुख्यमंत्री की तरह ट्रीट करता था। कांग्रेस के भ्रष्टाचार से लोग तंग हैं इसका लाभ सीधे-सीधे बीजेपी को मिलेगा। बीजेपी की सीता साहू और पूर्व महापौर चंद्रकांता मांडले के विकास कार्यों को जनता विश कर रही है उसका लाभ मिलेगा। सत्यनारायण अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर यहाँ की कांग्रेस सरकार ने जो तमाशा किया उसे जनता भूली नहीं है। 5 वर्षों में किसी भी गरीब का मकान प्रस्ताव पास न होने से भी कांग्रेस का भारी विरोध है। पूर्व साडाध्यक्ष ने कहा कि पीएम की भारतवर्ष की घर-घर नल जल की योजना अपने आप में बहुमूल्य है। हिंदुस्तान के 38000 करोड़ का बजट है बीजेपी के शासन में घर-घर पाइप लग रहे हैं। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री रहते डॉ रमन सिंह बहुत से विकास कार्य हुए जिसे जनता भूली नहीं है। पीएम आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, हर गरीब को फ्री में अनाज, किसानो के खाते में 6000 रूपये का लाभ मिल रहा है।

कांग्रेस ने गौठान-गोबर तक में घोटाला किया इस पर खुला चैलेंज है। सत्यनारायण ने विश्वास के साथ कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता पूरे क्षेत्र में घूमकर प्रधानमंत्री के विकास कार्यो का प्रचार प्रसार कर रहे हैं। उन्होंने स्वयं भी अग्रवाल, सिंधी, बंगली, सिख समाज के साथ ही अन्य समाज के लोगों से मुलाकात की है हर जगह बीजेपी के पक्ष में माहौल है। सत्यनारायण अग्रवाल ने कहा कि वे लगातार बैठकें लेकर कार्यकर्ताओं को रिचार्ज कर रहे हैं।

## एक नजर

### फैक्ट्री में चोरी,जुर्म दर्ज

**भिलाई।** भिलाई प्राइवेट फैक्ट्री से कॉपर समेत अन्य सामान पार होने का मामला सामने आया है। कंपनी के मैनेजर की शिकायत पर पुलिस ने 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि जैनेन्द्र अहिरवार हथखोज स्थित आरटेक साल्यूसन्स कंपनी में मैनेजर के पद है। कंपनी में इलेक्ट्रीकल कंट्रोल पैनल का काम होता है। जिसमें कंपनी के स्टोर रूम में रखे कापर पट्टी, कापर का वायर अज्ञात ने पार कर दिया है अज्ञात ने कंपनी में प्रवेश करने से पहले गोडाउन का शटर तोडकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है घटना के बारे में कंपनी के मालिक आनंद राठी और कंपनी कर्मी टी. मोहन कुमार को जानकारी दी गई है पुलिस अज्ञात चोर को लेकर पतासाजी में जुटी हुई है चोरी हुए सामानों की कीमत 70 हजार रुपए आंकी गई है।

### मतदाता जागरूकता के लिए बनाई गई विशाल मानव श्रृंखला




**भिलाई, 7 नवंबर।** आगामी विधानसभा चुनाव-2023 और 17 नवम्बर को मतदान करने को ध्यान में रखते हुए मतदाता जागरूकता हेतु भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। गतिविधियों की इस श्रृंखला में 6 नवम्बर, 2023 को इक्विपमेंट चौक से सेक्टर-1, बीएसएनएल चौक के बीच शाम 4.30 बजे से 5.30 बजे तक लगभग 1500 से अधिक अधिकारी, कार्मिक व ठेका श्रमिकों ने मानव श्रृंखला बनाई। इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक ए के चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक डॉ ए के पंडा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार सहित संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधकगण एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### डेंगू की रोकथाम के लिए चलाया अभियान

**दुर्ग 7 नवंबर ।** दुर्ग जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जिनमें से भिलाई नगर निगम क्षेत्र व दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम के अमले द्वारा डेंगू से संबंधित नियंत्रण व रोकथाम का कार्य निरंतर किया जा रहा है। आज 06 नवंबर 2023 को डेंगू एलिजा पॉजिटिव के 02 प्रकरण मिला है। जिनमें से 01 प्रकरण सुपेला भिलाई तथा दूसरा प्रकरण जामुल के रहवासी है। वर्तमान में डेंगू एलिजा पॉजिटिव भर्ती मरीजों की संख्या 02 है। निवास क्षेत्रों में घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले द्वारा मास्किटो सोर्स रिडक्शन का कार्य दैनिक रूप से किया गया है। नगर निगम भिलाई, चरोदा, रिसाली जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र एवं नगर निगम दुर्ग की टीम के द्वारा लगातार डेंगू प्रभावित क्षेत्र में लार्वा नष्टीकरण के लिए टेमीफॉस एवं एडिस मच्छर को नष्ट करने के लिए मेलाथियान से फागिंग का कार्य किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे. पी. मेश्राम के अनुसार डेंगू नियंत्रण एवं रोकथान हेतु दुर्ग, भिलाई, चरोदा रिसाली नगर निगम जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र, स्वास्थ्य विभाग ग्रामीण व शहरीय की टीम द्वारा कुल 175453 घरों का सर्वेक्षण किया जा चुका है. जांच किये कुलर पानी टंकी व अन्य कंटेनर की संख्या-202592 जिनमें से 84238 खाली कराये गये सभी कंटेनरों में 118100 स्थानों में टेमीफास डालकर लार्वा का नष्टीकरण किया गया। 171445 पाम्पलेट के माध्यम से डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य शिक्षा दी गयी।

### जो जीते वो लोगों का फोन उठाए कवर्धा और पंडरिया की जनता की यही अपेक्षा

**कवर्धा, 7 नवंबर।** चौक , चौराहे और पान दुकानों और बस के सफर में महिलाओ , युवाओं से तरुण छत्तीसगढ़ ने यह सवाल किया की जो भी विधायक बनते है उनसे सबसे पहली अपेक्षा क्या है । अधिकतर युवाओं , महिलाओ ने कहा की जितने वाले प्रत्याशी को अपना मोबाइल नंबर सभी लोगो को दे जिससे कोई भी दिक्कत हो तो फोन करने पर नए विधायक फोन उठाए और समस्या का निराकरण करे । क्योंकि बहुत से लोगो को विधायक का मोबाइल नंबर नही मालूम होता है और कई जनप्रतिनिधि फोन भी नही उठाते है या वार्ड में जैसे चुनाव में घूमने आते है लेकिन जीत जाने पर मिलने कम आते है ।

## सार्वजनिक स्थानों पर लगी प्रचार सामग्री को निगम की टीम कर रही जब्त

**भिलाई, 7 नवंबर।** भिलाई निगम की टीम वैशालीनगर एवं भिलाईनगर विधानसभा क्षेत्र से अब तक 11 हजार से अधिक राजनैतिक प्रचार सामाग्री को सम्पत्ति विरूपण के अधीन कार्रवाही कर हटाया है। भिलाई निगम क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता का पालन कराने निगम प्रशासन जुटा हुआ है और क्षेत्र में घूम घूम कर निगम का अमला राजनैतिक पार्टियों द्वारा सार्वजनिक स्थान पर किए गए वॉल राईटिंग को मिटाने के साथ ही प्रचार के लिए लगाए गए होर्डिंग्स, फ्लेक्स को निकालकर जप्त कर रहे है। शासकीय भवन, बिजली खंभे, पेड़ पौधों में लगे राजनीतिक विज्ञापनों को संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत हटाया जा रहा है। भिलाई नगर विधानसभा के रिटर्निंग ऑफिसर एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर अधिकारी कर्मचारियों की टीम बनाई गई है जो अलग अलग पाली में शहर का भ्रमण करते हुए नियमों की अवहेलना करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए सार्वजनिक स्थान से 7 हजार झंडे बैनर तथा निजी संपत्ति से 5 हजार से अधिक प्रचार सामग्री जब्त कर चुके है। निगम के सभी जोन आयुक्त, जोन सहायक राजस्व अधिकारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी की टीम प्रतिदिन सुबह मॉर्निंग विजिट कर रहे है। जोन की टीम सुबह से जोन क्षेत्र का भ्रमण कर मतदान केन्द्र, बैनर, पोस्टर, दीवार लेखन, एल.ई.डी. स्क्रीन, झंडे की जॉच कर रहे है और बिना अनुमति के लगे राजनीतिक प्रचार सामग्री को जप्ती बना रहे है। आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत पर तत्काल कार्यवाही के लिए पृथक से कंट्रोल रूम बनाया गया है सूचना प्राप्त होने पर टीम मौके पर पहुंचकर कार्यवाही कर रहे है। निगम के निगरानी दल शहर मे होने वाले आयोजनों तथा टेंट पंडाल पर भी नजर रखे हुए है अनुमति पत्र नहीं दिखाए जाने पर तत्काल प्रभाव से हटाया भी जा रहा है। आचार संहिता लगने के बाद से अब तक निगम क्षेत्र के भिलाई नगर व वैशालीनगर विधानसभा से निजी व सार्वजनिक जगहों से 4677 स्थान से वाल राईटिंग, 6108 नग पोस्टर, 364 बैनर, 476 अन्य प्रचार सामग्री को निगम की हटा चुकी है।

## दीपावली मिलन समारोह में दी एक दूसरे को बधाई



**भिलाई, 7 नवंबर।** ब्राह्मण मित्र मंडल भिलाई दुर्ग द्वारा विगत 5 अक्टूबर को कुरूद में दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। शुरुआत मां भारती के तैल चित्र पर माल्यार्पण करते हुए एवं भारत वर्ष का मानचित्र रंगोली द्वारा डाला गया जिसके चारों ओर 301 दिए प्रज्वलित मुख्य अतिथि एवं सदस्यों द्वारा किए गए। कार्यक्रम के संयोजक राम मिलन दुबे द्वारा अध्यक्षीय संबोधन किया गया। उन्होंने कहा कि दीप पर्व हमें यह संदेश देता है की हम सभी मिलजुल कर रहें, भेदभाव, कटुता को दूर रखें और भाईचारा, मेल मिलाप रखें। इस अवसर पर प्रभुनाथ मिश्र, राजमणि दुबे, रामबिहारी मिश्रा, सोमनाथ द्विवेदी ने भी संबोधित किया। मुख्य अतिथि डॉ राम किशोर मिश्रा ने कहा कि हम सभी ब्राह्मण धर्म का पालन करें और वेद, शास्त्रों का अध्ययन करें। सनातन धर्म को बचाने और विरोध करने वालो को करारा जवाब दें, जो यह मानते हैं कि सनातन धर्म ऐसा वैसा हे उनको यह बता दें कि सनातन धर्म की रक्षा करते हुये हम कार्य कर रहे हैं। घर-घर गीता पाठ, सुंदरकांड, गायत्री मंत्र पाठ हो यह सुनिश्चित करना चाहिए और समाज के हर जाति, पंथ को इससे अवगत कराते हुए चले, हमारे ऋषि मुनि यो ने समाज कल्याण की दिशा में कार्य किया और धर्म हमारी रक्षा करते हैं, सभी त्योहार,पर्व के पीछे एक संदेश छिपा है। साहित्यकार अमरनाथ त्यागी ने भी विस्तृत रूप से बताया कि जो चार वर्ण व्यवस्था है सभी का अपना कार्य क्षेत्र है सभी एक माला के मोती हैं। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं भाजपा प्रत्याशी प्रेम प्रकाश पाण्डे भी कार्यक्रम के अंत में पहुंच कर सभी लोगों से प्रत्यक्ष भेट की और दीपावली मिलन पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएं बधाई दी। संचालन गौक्लेश तिवारी एवं आभार व्यक्त महेश तिवारी ने किया। कार्यक्रम मे शामिल मुख्य रूप से शंकर चरण पांडे, चंद्र शेखर पांडे, राम बिहारी मिश्र, उमेश शुक्ला, गुरु प्रसाद तिवारी, सुदेश मिश्रा, रघु नाथ उपाध्याय, डी पी मिश्रा, सुभाष चन्द्र पांडे, जे एन तिवारी, उर्मिला उपाध्याय, बाबू लाल शर्मा, ईश्वर चंद्र त्रिपाठी, राजेश त्रिपाठी, अंजू त्रिपाठी, विमला पांडे, रमेश शर्मा, सरोज चौबे, रीता शुक्ला, रागनी झा, पूनम मिश्रा, पूजा तिवारी, आई पी मिश्रा, अवधेश पांडे, एस एस तिवारी, सोमेश त्रिवेदी, विवेक शर्मा, पंडित रोशी त्रिपाठी, मयंक चतुर्वेदी, अजय शंकर तिवारी, यश तिवारी, लक्ष्मी कांत तिवारी, मृदुला शुक्ला, रिचा शुक्ला, प्रेमा मिश्रा, प्रवीण पाण्डेय, विजय तिवारी, संजय मिश्रा, कमल शुक्ला, नितेश मिश्रा, अखिलेश तिवारी, कुणाल शुक्ला, अशोक उपाध्याय, रवि कांत उपाध्याय, शशांक मिश्र, प्रभात मिश्रा, अरविन्द तिवारी, आरती मिश्रा, सविता शुक्ला, अमित कुमार दुबे, आनन्द मिश्रा, अंजन दिवेदी, विनोद पांडे, अतुल मिश्रा, परमहंस तिवारी, सीमा मिश्रा, गुड़िया तिवारी, राम किनकर मिश्रा, रागिनी पांडे, अभिषेक पांडे, अभी तिवारी, बबलू पांडे, दिनेश शर्मा विनय पांडे, प्रदीप पांडे, स्वीटी कौशिक, प्रमिला दुबे, चेतन शर्मा, सरोज सिंह, अभिष्क शुक्ला डी पी सिंह, सुरेन्द्र शर्मा, पापू शर्मा, समीर पाठक, सेजल पांडे प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### सांसद अभिनेता रवि किशन की आम सभा आज शाम



**भिलाई, 7 नवंबर।** भारतीय जनता पार्टी वैशाली नगर विधानसभा के प्रत्याशी रिकेश सेन के समर्थन में गोरखपुर के सांसद एवं प्रसिद्ध अभिनेता रवि किशन का रोड शो 7 नवंबर जलेबी चौक से दोपहर 3 शुरू होकर लिंक रोड, राधाकिशन होटल, शीतला मंदिर, मिलन चौक, साहू लड़की टाल,युग निर्माण से होते हुए बैकुंठ धाम में आम सभा के रूप में परिवर्तित होगी। यह आम सभा बैकुंठ धाम में 4 बजे होगी। इस सभा में रवि किशन, विधान सभा चुनाव प्रभारी लाभचंद बाफना, जिला अध्यक्ष बृजेश बिजपुरिया उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी अमित पाहुजा ने दी। इसी तरह गोरखपुर के सांसद एवं प्रसिद्ध अभिनेता रवि किशन सुबह 11 बजे हनुमान मंदिर के पास बस स्टैंड चरोदा में बीजेपी प्रत्याशी के लिए आम जनता को सम्बोधित कर रहे हैं।

### कलेक्टर ने मतदाताओं से मतदान करने की अपील की



**कवर्धा, 7 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे एवं श्रीमती शीतल महोबे ने कवर्धा के गंगानगर स्थित मतदान केंद्र में जाकर मतदान किया। उन्होंने लोकतंत्र के इस महापर्व पर जिले के सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील भी की ।

### अधिकतर महिलाओं ने सुबह-सुबह मतदान कर मतदाता जागरूकता का दिया संदेश





**कवर्धा, 7 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अधिकतर महिलाओ ने कवर्धा शहर में महिला सुरक्षा और कई महिलाओ ने शराब बंदी , बेहतर यातायात व्यवस्था , बेहतर स्वच्छता , अच्छे से महिलाए किसी भी समय यात्रा कर सके और एक कालेज स्टूडेंट ने कहा की माध्यम वर्गीय परिवार के हितों पर सरकार ध्यान देना चाहिए। एक स्टूडेंट ने बस सफर में बताया की बिलासपुर जाना जरूरी है इसलिए सुबह सुबह वोट दिया है क्योंकि एक अच्छी सरकार बनानी है । कई ने नाम ना बताने की शर्त पर कहा की हम मोदी फैन है और हम राहुल फैन है और हम केजरीवाल फैन है इसलिए उसे ही वोट देंगे । किसी ने कहा कर्जमाफी किसी ने कहा रोजगार किसी ने कहा प्रधानमंत्री आवास किसी ने कहा की महिलाओ के खाते में आयेंगे पैसा किसी ने कहा हम कर्जदार नही है भइया बेहतर विकास के लिय वोट देंगे ।



**कवर्धा।** पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव ने गंगानगर मतदान केंद्र पहुँच कर मतदान किया



**कवर्धा।** सांसद संतोष पाण्डेय ने किया मतदान




**कवर्धा।** पंडरिया भाजपा विधायक प्रत्याशी भावना बोहरा ने मतदान किया।



**कवर्धा।** बीएलओ ने वोट देकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।

### आदर्श मतदान केंद्र कवर्धा में मेडिकल चिकित्सा सुविधा से मतदाता खुश




**कवर्धा, 7 नवंबर।** आदर्श मतदान केंद्र कवर्धा में मतदान करने वालो के मेडिकल चिकित्सा सुविधा रखी गई है और महिला मतदाताओं ने कहा की जिला निर्वाचन टीम ने अच्छी और शांतिपूर्ण मतदान की व्यवस्था की जिससे हम खुश है और अपना वोट दे चुके है ।



**कवर्धा।** भाजपा प्रत्याशी विजय शर्मा ने किया मतदान,आदर्श संगवारी बूथ क्रमांक 238 में किया मतदान।



## सात दिवसी सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग दी गई

**भिलाई, 7 नवंबर।** इंदिरा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशाली नगर में सात दिवसी सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिन डॉ आर एन सिंह, प्राचार्य, वी वाई टी स्नातकोत्तर ऑटोनोमस महाविद्यालय दुर्ग मुख्य अतिथि थे। इस दिन सेल्फ डिफेंस की मूल जानकारी एवं महत्ता बताई गई। दूसरे दिन मूल ट्रेनिंग शुरू की गई। तीसरे दिन तकनीकी जानकारी दी गई। चौथे दिन अभ्यास कराया गया। पांचवे दिन आहार और स्वच्छता की जानकारी दी गई। छटवे दिन मानसिक तैयारी एवं ताकत की महत्ता बताई। कार्यक्रम के समापन समारोह में प्राचार्या डॉ अलका मेश्राम ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें बधाई दी की सभी ने ट्रेनिंग ली। कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ रबिंदर छाबड़ा, अत्रिक कोमा, श्रीमती जयश्री रेड्डी एवं लिंग संवेदीकरण और समानता की समन्वयक डॉ कौशल्या शास्त्री का महत्वपूर्ण योगदान रहा हैं। सोनम, श्रद्धा एवं दिव्या ने ट्रेनिंग दी, इन दिनों ने ही अपने अपने क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त की हैं।

## बीएसपी ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत किया एथिक्स क्लब एक्टिविटीज का आयोजन



**भिलाई, 7 नवंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सतर्कता विभाग द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 के तहत सुनीति उद्यान सेक्टर-8 में बीएसपी स्कूल के बच्चों के लिए एथिक्स क्लब एक्टिविटीज का आयोजन 5 नवंबर किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, मुख्य महाप्रबंधक जे वाई सपकाले तथा महाप्रबंधक (नगर सेवाएं एवं शिक्षा) सुश्री शिखा दुबे उपस्थित थीं। प्रारंभ में शालेय बच्चों द्वारा स्वागत गीत के साथ उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने शालेय छात्रों द्वारा चित्रित नैतिकता और अखंडता पर संदेशों की समीक्षा करने के बाद, एथिक्स क्लब का ध्वज वंदन किया। छात्रों द्वारा ÷नीति-गान÷ किया गया और नैतिकता की शपथ दिलाई गई। संचालन, शिक्षा विभाग की सुश्री सरिता बहल द्वारा किया गया। मुख्य महाप्रबंधक एवं अतिरिक्त मुख्य सतर्कता अधिकारी सत्यव्रत कर ने आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।



## खुज्जी विधानसभा भाजपा प्रत्याशी गीता घासी साहू ने जोशीलमती में मतदान किया

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी की खुज्जी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77 से भाजपा अधिकृत विधायक प्रत्याशी श्रीमती गीता घासी साहू आज शासकीय प्राथमिक शाला अपने गृह ग्राम जोशीलमती में अपना मतदान किया।

## एक नजर

### एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने छत्तीसगढ़ के भकुरा में चेक डैम का जीर्णोद्धार किया

**रायपुर 7 नवंबर।** एचडीएफसी बैंक ने अपने सीएसआर ब्रांड परिवर्तन के माध्यम से, छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में स्थित भकुरा गांव में एक चेक डैम को सफलतापूर्वक बहाल किया है। चेक डैम का जीर्णोद्धार अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन के साथ साझेदारी में किया गया था। इस प्रयास से उन परिवारों की आजीविका को पुनर्जीवित करने में मदद मिली है जो अपनी आय के प्राथमिक स्रोत के रूप में खेती पर निर्भर हैं। चेक डैम जर्जर हो गया था, जिससे स्थानीय कृषक समुदाय को बड़ी कठिनाई हो रही थी। ख़राब संरचना ने कृषि कार्यों को गंभीर रूप से बाधित कर दिया, जिससे उन परिवारों की आजीविका प्रभावित हुई जो इस पर निर्भर थे। यह पुनर्स्थापन परियोजना समग्र ग्रामीण विकास परियोजना (एचआरडीपी) के हिस्से के रूप में शुरू की गई थी, जो एचडीएफसी बैंक परिवर्तन और अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन के बीच एक सहयोगात्मक प्रयास है। छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के 10 गांवों में सक्रिय इस परियोजना ने दिसंबर 2020 में भकुरा गांव में अपना काम शुरू किया।

### फैब इंडिया के स्वर्णिम उत्सव के साथ इस दिवाली को यादगार बनाएं

**रायपुर 7 नवंबर।** दिवाली के शुभ त्योहार के लिए बेहद पसंद किया जाने वाला लाइफस्टाइल ब्रांड फैबइंडिया ने गौरव से एक दिवाली कलेक्शन पेश किया है, यह त्योहार की भावना को दर्शाता है। यह उन सुनहरे पलों का प्रतिबिंब है, जो प्रियजनों के साथ जुड़ते हैं, हवा में क्लासिक सुगंध भरते हैं, परिवार और दोस्त खुशी और प्यार के साथ जश्न मनाते हैं। धनतेरस से दिवाली तक फैबइंडिया का स्वर्णिम कलेक्शन परंपरा और नवीनता की सीमाओं को पार करते हुए, भावनाओं के लिए एक उपहार प्रस्तुत करता है। इस बार पोशाकों के रंग खुशगवार टोन में हैं रूबी लाल, गहरे नीले, गहरे बैंगनी और चमकीले गुलाबी, लाल और पीले रंग अपनी जगमग के साथ शामिल हैं। स्वर्णिम फैबइंडिया प्रतीक है आधुनिकता और संस्कृति के मिश्रण का ज़ आधुनिक जीवन की सुंदरता को अपनाते - हुए यह हिन्दुस्तानी विरासत की भव्यता का जश्न मना रहा है। ज़री के काम, खडी प्रिंट के साथ नाजुक कढ़ाई से सजाए गए हस्तनिर्मित कुर्तों की विस्तृत श्रृंखला कालातीत उत्कृष्ट कृतियाँ हैं समृद्ध ब्रोकेड ट्रिम्स और शानदार बनारसी, माहेश्वरी और चंदेरी रेशम साड़ियां, जो पीढ़ियों तक प्रचलन में रहेंगी।

### अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के यूजी और पीजी कोर्सेस

**रायपुर 7 नवंबर।** अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय स्नातक और स्नातकोत्तर कोर्सेस में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। इनमें एम.ए.एजुकेशन, एम.ए.डेवलपमेंट स्टडीज़, मास्टर ऑफ़ पब्लिक हेल्थ और एम.ए. अर्थशास्त्र स्नातकोत्तर के दो वर्षीय कोर्सेस हैं। स्नातक में बी.ए. ऑनर्स और बी.एससी.ऑनर्स कोर्स प्रस्तुत किए जा रहे हैं। स्नातक कोर्स ड्युअल-डिग्री हैं, जो बी.एड. के साथ कैम्पस में रहकर ही किए जाने हैं। यह कोर्स अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के सरजापुर- बेंगलुरु और कान्हासैया - भोपाल स्थित कैम्पस में चलाए जाएंगे। विद्यार्थियों को बेहतरीन शिक्षा उपलब्ध कराते हुए उनमें विषय विशेषज्ञता व सामाजिक प्रतिबद्धता का निर्माण करना इन कोर्सेस का लक्ष्य है। उन्हें सार्थक करिअर की तलाश के लिए प्रेरित करना और शिक्षा की राह पर आगे बढ़ाना इन कोर्सेस का उद्देश्य है। भोपाल कैम्पस के अंरतगत दो वर्षीय स्नातक प्रोग्राम में एम ए - एजुकेशन, एमपीएच -मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ एवं चार वर्षीय स्नातकोत्तर प्रोग्राम में अर्थशास्त्र, अंग्रेज़ी और इतिहास में बी.ए. ऑनर्स बायोलॉजी में बी.एस-सी. ऑनर्स शामिल है। बेंगलुरू कैम्पस के अंतरगत दो वर्षीय स्नातक प्रोग्राम मेंएम.ए. -एजुकेशन, एम.ए. -डेवलपमेंट स्टडीज़ और एम.ए .-अर्थशास्त्र शामिल है एवं चार वर्षीय स्नातकोत्तर प्रोग्राम में अर्थशास्त्र,अंग्रेज़ी, इतिहास, दर्शन और समाज विज्ञान में बी.ए. ऑनर्स सहित बायोलॉजी, रसायन विज्ञान, गणित, भौतिकी और पर्यावरण विज्ञान और सतत विकास में बी.एस-सी. ऑनर्स एवं बायोलॉजी, रसायन विज्ञान, गणित, भौतिकी और एजुकेशन में बी.एस-सी., बी.एड. (ड्युअल-डिग्री) शामिल है। प्रवेश प्रक्रिया और उससे जुड़ी ज़रुरी तारीखें के लिए विद्यार्थी हमारे विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। पहले आवेदकों की लिखित परीक्षा ली जाएगी। लिखित परीक्षा में शॉर्टलिस्ट किए गए आवेदकों को साक्षात्कार लिया जाएगा। आवेदकों को परीक्षा और साक्षात्कार के प्रदर्शन के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। आवेदन करने की आखिरी तारीख 22 नवंबर 2023, राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा 24 दिसंबर 2023, साक्षात्कार जनवरी 2024 एवं एडमिशन फरवरी 2024 में होना तय है ।

# जहां कभी नक्सलियों के चुनाव बहिष्कार के कारण लोग वोट नहीं देते थे,आज बड़ी संख्या में किया मतदान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरंदुल 7 नवंबर।** दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा विधान सभा क्षेत्र क्रमांक 88 गोर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी पुलिस सुरक्षा के घेरे में सुबह से ही ग्रामीण क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में लोग मतदान करने पहुंच रहे , किरंदुल थाना क्षेत्र अंतर्गत हिरोली ,गुमियापाल , कुट्रेमे , समलावर, तनेली , आलनार, मड़कमीरास , फिरनार आदि गांवों में भी बड़ी संख्या में मतदान करने पहुंचे यह पूरा क्षेत्र एक समय में नक्सल लालगढ़ के नाम से जाना जाता था मतदान को लेकर लोगों में उत्साह देखा रहा है। कई मतदान केंद्रों में लंबी कतारें लगी हैं। सभी केंद्र में और आसपास क्षेत्रों में सुरक्षा जवान तैनात हैं और अधिकारियों की मॉनिटरिंग भी बनी हुई है । इतना ही नहीं प्रत्याशी और पार्टी पदाधिकारीयों भी मतदान केंद्रों में नजर बनाए रखे हुए है पार्टी पदाधिकारी लगातार क्षेत्र का दौरा कर मतदान के लिए लोगों को मतदान केंद्रों में भेज रहे है। सुबह 7 बजे से 11बजे तक जिले में 21.90त्नवोटिंग होने की रिपोर्ट दर्ज की गई है !



### 15 नवंबर को शाम 5 बजे से लेकर 17 नवंबर को शुष्क दिवस

**रायपुर 7 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सर्वेश्वर भुरे ने जिले में मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति तक शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर ने 17 नवंबर को होने वाले मतदान के अवसर पर दिनांक 15 नवंबर को शाम 5 बजे से लेकर दिनांक 17 नवंबर को मतदान समाप्ति तक जिले में स्थित समस्त देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, रेस्टॉरेन्ट-बार, होटल-बार, क्लब इत्यादि, भांग/भांगघोटा एवं भण्डारण-भाण्डागार एवं मतगणना तिथि 03 दिसंबर के दिन संबंधित मतगणना स्थल क्षेत्रों की समस्त आबकारी केन्द्रों को सम्पूर्ण दिवस पूर्णतः बंद रखने के निर्देश दिए है। डॉ भुरे ने शुष्क अवधि में सभी निर्देशों का कडाई से पालन करने को कहा है और उल्लंघन करने की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

विधानसभा निर्वाचन-2023 के परिपेक्ष्य में मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण 8 व 9 नवम्बर को होगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एनआईटी रायपुर और पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में होगा। प्रतिदिन दो पालियों में प्रशिक्षण होगा।

### वाहन विनिमय कार्यक्रम लॉन्च किया

**रायपुर 7 नवंबर।** इस दीपावली सीजन में, प्योर ईवी जो की एक प्रमुख इलेक्ट्रिक टू व्हीलर मैन्युफैक्चरर कंपनी है। इसने वाहन विनिमय कार्यक्रम लॉन्च किया है। ग्राहक इस कार्यक्रम के तहत असाधारण बचत और 40,000 रुपये कैशबैक का लाभ इस स्कीम के साथ उठा पायेंगे। साथ ही त्यौहार के इस बेहतरीन अवसर पर इसमें 15,000 से 20,000 रुपये की कीमत के बेहतरीन ऑफर्स भी शामिल है। कंपनी ने इस कार्यक्रम को पूरे भारत में लागू करने के लिए बहुत उत्साहित है और सभी डीलरों को आमंत्रित किया गया है कि वे अपने आउटलेट्स पर 6 नवम्बर से 9 नवम्बर तक / 8 नवम्बर से 12 नवम्बर तक, क्षेत्र के आधार पर, वाहन विनिमय शिविर आयोजित करें। प्योर ईवी का वाहन विनिमय कार्यक्रम सबसे पहले हैदराबाद में लॉन्च किया गया था। जिसने बहुत बेहतरीन सफलता प्राप्त की है। चार-दिन हुए पिलोट कैंप मे लोगो की बेहतरीन प्रतिक्रिया देखने को मिली। इस दौरान लोगो की भीढ़ मे इसके प्रति उत्साह और आकर्षण देखने को मिला।

### कर्ज माफी की घोषणा राजनितिक पार्टियां कर रही,भुगतना जनता को पड़ेगा:हिन्दू युवा मंच

**राजनांदगाँव 7 नवंबर।** हिन्दू युवा मंच जिला इकाई नें राजनितिक दलों से सवाल किया है कि, एन चुनाव के मौकों पर उन्हें जनता को सुख सुविधा देने की ही क्यों याद आती है ? हिन्दू युवा मंच नें इस विधानसभा चुनाव के दौरान ÷जागो मतदाता जागो÷ नाम से मतदाता जागरूकता की अभूतपूर्व मुहीम लगभग पखवाड़े भर चलाई। जिसमें राजनितिक दलों के झूठे वादों और वादाखिलाफ़ी की पोल खोलकर उन्हें दर्पण दिखाने और जनता के सामने इनकी सच्चाई लाना मुख्य उद्देश्य रहा। हिन्दू युवा मंच के जिलाध्यक्ष किशोर माहेश्वरी नें कहा कि, मुफ्त की योजना पर लगाम लगनी चाहिए। क्योंकि राजनितिक पार्टियां आवाम को सिर्फ सब्जबाग दिखाने का काम करती है और चुनाव जीतने के बाद विकास के मुद्दों पर गायब हो जाती है। सरकार ऐसे झूठे और खोखले वादे न कर बिना घोषणा किये ही जनहित के एजेंडे पर काम करे ऐसे मुफ्त में रेवड़ी न बाटें। राजनितिक पार्टियां जिन विकास के मुद्दों को लेकर आवाम को सब्जबाग दिखा रही है वह तो किसी नई सरकार के लिये पहला और अनिवार्य नियम होना चाहिए, ऐसी सौगातों का घोषणा पत्र में स्थान ही नही होना चाहिए। शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी जैसी मूलभूत आवश्यकताएं घोषणा पत्र में न होकर सत्ता में आने वाली प्रत्येक राजनितिक दल की मूल अवधारणा और सत्ता रूढ़ सरकार का अनिवार्य दायित्व होना चाहिए। जब चुनाव सर पर होते हैं तो राजनितिक दल सौगातों की झड़ी लगा देते हैं, और चुनाव न रहे तो इनके कानो में जूँ तक नही रेंगती। हिन्दू युवा मंच नें अपने पूर्व प्रयासों का जिक्र करते हुए बताया कि, मंच नें गैस सिलेंडर पर सब्सिडी बढ़ाने, ईलाज की राशि बढ़ाने जैसे अनेक विषयों पर प्रधानमंत्री को कई बार पत्र लिखें, लेकिन उनके कानों में जूँ तक नही रेंगी, वहीं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भी विकास के मुद्दों पर पत्र लिखें गये ।

### कलेक्टर ने सपरिवार मतदान कर लोकतंत्र के उत्सव में निभाई अपनी सहभागिता



**राजनांदगांव 07 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह ने राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र श्री गुरूनानक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव में मतदान के लिए लाइन में लग कर अपनी बारी का इंतजार कर मतदान किया। कलेक्टर श्री सिंह ने अपने सपरिवार मतदान कर लोकतंत्र के उत्सव में अपनी सहभागिता निभाई।

## पूर्व विजेता विप्र कॉलेज शानदार जीत के साथ सेमीफाइनल में



**रायपुर 7 नवंबर।** उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में विप्र कला ,वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय द्वारा आयोजित विप्र ट्रॉफी इंटर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता में पूर्व विजेता विप्र कॉलेज ने महाराजा अग्रसेन कॉलेज को 10 विकेट से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया ।महाराजा अग्रसेन कॉलेज पहले बल्लेबाजी करते हुए 80 रन में ऑल आउट हो गई ।

रौनक ने सर्वाधिक 31 रन बनाएं ।विप्र कॉलेज के सुधांशु व प्रशान्त ने तीन-तीन विकेट लिए ।जवाब में विप्र कॉलेज ने मात्र 6.3 ओवर में बिना विकेट कोई 83 रन बनाकर जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आशुतोष ने 25 गेंद में 43 रन एवं शोभित ने 15 गेंद में 34 रन बनाएं।

विप्र कॉलेज मैदान में प्रतियोगिता के पांचवें दिन खेले गए मैच में रावतपुरा कॉलेज ने शासकीय कुरूद महाविद्यालय को 44 रन से पराजित किया। रावतपुरा कॉलेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 159 रन बनाए ।अभिषेक ने 37 गेंद में 64 रन बनाए। जवाब में कुरूद की टीम 115 रन में आलआउट हो गई। अभिजीत और अमर ने तीन-तीन विकेट लिए ।

उपरोक्त जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने बताया कि 7 नवंबर मंगलवार को क्वार्टर फाइनल के अंतर्गत पहला मैच हरिशंकर एवं प्रगति कॉलेज के बीच व दूसरा मैच दुर्गा कॉलेज एवं यू.टी .डी. के मध्य होगा।

### भाजपा ने की मुख्य निर्वाचन अधिकारी से एसएसपी की शिकायत, हटाने की मांग

**रायपुर 7 नवंबर।** भारतीय जनता पार्टी के सांसद सुनील सोनी, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, निर्वाचन समिति संयोजक डॉ. विजय शंकर मिश्रा ने सोमवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़, रायपुर से शिकायत करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और जिला पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल की महादेव बेटिंग (सट्टेबाजी) एप में संलिप्तता एक वीडियो के माध्यम से उजागर होने पर छत्तीसगढ़ में निष्पक्ष चुनाव प्रभावित होने की पूरी आशंका सही सबित हुई। साथ ही उनसे जिला पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल को तत्काल हटाये जाने की मांग की है। भाजपा नेताओं ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया है कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और जिला पलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल की महादेव बेटिंग (सट्टेबाजी) एप में संलिप्तता उजागर हो गया है। रविवार को वेब न्यूज पोर्टल डेली हंट में शुभम सोनी नामक एक व्यक्ति की खबर प्रसरित हुई जिसके अनुसार शुभम सोनी द्वारा स्वयं को उक्त एप का मालिक बताते हुए छत्तीसगढ़ के वर्तमान मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता भूपेश बघेल को उक्त एप के संचालन का नियंत्रण रायपुर जिला पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के माध्यम से किया जाना तथा कई बार हफ्ते/ प्रोटेक्शन मनी के रूप में भारी धन राशि वसूल करने की बात एक वायरल वीडियो के द्वारा उजागर की गई है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि जो लोग देश के नियमङ्कायदे को दरकिनार करके रखने वाले, जो राजनीतिक दलों के लोगों से प्रभावित होने वाले लोग हैं, इन लोगों के हम खिलाफ हैं। मुझे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़, रायपुर रीना साहेब कंगाले ने विश्वास दिलाया है कि वे इस मामले में कड़ाई के साथ काम करेंगे। मैं अभी बात करके कल से इसकी व्यवस्था करूंगी। उल्लेखनीय है कि महादेव एप एक अवैध बेटिंग (सट्टेबाजी) एप के जरिये जनता से उसकी परिश्रम की कमाई लूटकर व्यापक मात्रा में धन की हेरी फेरी हो रही थी। महादेव एप प्रकरण में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के द्वारा पूर्व से एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है। उपरोक्त खबर के अनुसार छत्तीसगढ़ के वर्तमान मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता भूपेश बघेल और रायपुर जिला पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल इस संगठित अपराध में सीधे संबंधित पाए गए हैं। उक्त घटना यह स्पष्ट करती है कि उनकी कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से उपरोक्त प्रकृति के संबंध रहे हैं। इस स्थिति में रायपुर जिला पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा चुनाव में निष्पक्ष कार्य की अपेक्षा नहीं की जा सकती है। पूर्व में उनके द्वारा चुनाव कार्य में पक्षपात पूर्ण कार्य करने की शिकायतें को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़, रायपुर से की गई थी। अतः प्रशांत अग्रवाल को रायपुर जिला पुलिस अधीक्षक पद से त्वरित रूप से हटाये जाने का कष्ट करें।

## हाईटेंशन तार के संपर्क में आने से भालू की मौत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी/ मोहदी 7 नवंबर।** शहद की लालच में पेड़ पर चढ़ते वक्त हाई टेंशन तार की चपेट में आने से एक नर भालू की मौत हो गई घटनाक्रम उत्तर सिंगपुर वन परिक्षेत्र मोहदी के कक्ष क्रमांक 60 की बताई जा रही है

सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र मोहदी के रेंजर पी.आर.साहू डिप्टी रेंजर डी.एस साहू वनरक्षक माखनलाल साहू छाया ध्रुव सभापति डॉक्टर हरी विनायक सिंह वन चौकीदार मौके पर पहुंचे,रेंजर पी.आर.साहू ने बताया कि सोमवार की सुबह कुसुमखुंटा के ग्रामीणों ने बिरझुली सिंगपुर रोड पर सड़क किनारे भालू के मृत अवस्था में पड़े होने की जानकारी दी घटना स्थल का निरीक्षण करने पर स्पष्ट जाहिर होता है कि घटना रविवार रात की है सड़क किनारे पेड़ में मधुमक्खी का छत्ता है, पेड़ के नजदीक हाई टेंशन तार गुजरा हुआ है



अनुमान लगाया गया कि भालू शहद के लालच में पेड़ पर चढ़ा होगा और चढ़ते वक्त भालू हाई टेंशन तार की चपेट में आ कर

नीचे जमीन में गिर गया जिससे भालू की मौत हो गई, वन अमला ने पंचनामा की कार्यवाही के बाद पोस्ट मार्टम के लिए मोहदी रेंज परिसर में लाया गया जहां पर धमतरी से पहुंचे तीन डाक्टरों के टीम द्वारा पोस्ट मार्टम किया गया,तत्पश्चात भालू के शव को जलाया गया।

### कांग्रेस को क्षेत्र में वोट मांगने का नैतिक अधिकार नहीं:भाजपा मीडिया सेल

**राजनंदगांव 7 नवंबर ।** भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार डॉ रमन सिंह के लिए पिछले चार सप्ताह से चुनाव प्रचार अभियान में प्रमुख भूमिका का निर्वहन कर रहे पार्टी के मीडिया सेल ने कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन के इस क्षेत्र में घूम-घूम कर वोट मांगने पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि जिस क्षेत्र को कांग्रेस प्रत्याशी के बाल सखा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विकास के मामले में अपने निशाने पर रखा , विकास के नाम पर पैसे उपलब्ध नहीं कराए । ऐसे कांग्रेस प्रत्याशी को इस क्षेत्र में वोट मांगने का नैतिक अधिकार नहीं है । भाजपा मीडिया सेल प्रभारी अशोक लोहिया , योगेश मिश्रा एवं अमर लालवानी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार सुरगी की जर्जर सड़क की वजह से एक परिवार के चिराग बुझने के बाद भी उसकी मरम्मत तक कांग्रेस नहीं करा सकी।उन्होंने कहा कि जिस राजनांदगांव को डॉ रमन सिंह ने सजाया - संवारा , उस शहर को कांग्रेस ने पिछले पांच वर्षों में बदसूरत करने में कोई कसर नहीं छोड़ी । मेडिकल कॉलेज का हाल बेहाल रहा , दिग्विजय स्टेडियम के साथ खुला अन्याय किया गया , अनेक आवश्यक शासकीय कार्यालयों को दुर्ग स्थानांतरित कर दिया गया । ग्रामीण एवं शहर की सड़को को दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है , उस पर तुर्रा यह कि कांग्रेस प्रत्याशी फिर से विकास के नाम पर वोट मांग कर घड़ियाली आंसू बहा रहें है ।

विज्ञप्ति में विधानसभा क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों , युवा , छात्र मजदूर , एवं महिलाओं से आग्रह किया गया है कि राजनांदगांव के विकास में नश्तर लगाने वालो को कदापि वोट ना देवें । संस्कारधानी को उसकी ऐतिहासिक विरासत की पहचान दिलाने वाले प्रत्याशी डॉ रमन सिंह को प्रचंड बहुमत से विजय दिलाने ईवीएम के तीसरे नंबर की बटन जिसमे भाजपा के कमल फूल का निशान है।

### सशक्त महिला सशक्त लोकतंत्र थीम पर मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन



**रायपुर 7 नवम्बर।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत सशक्त महिला सशक्त लोकतंत्र का आयोजन शहीद स्मारक भवन में महिलाओं द्वारा किया गया। प्रेक्षक अमृता जोथी तथा श्रीमती आर विमला जी प्रेक्षक इस अवसर पर उपस्थित थी। उन्होंने उपथित महिलाओं का उत्साह बढ़ाया। साथ ही सशक्त महिला, सशक्त लोकतंत्र थीम पर रंगोली, मेहंदी, छत्तीसगढ़ी पारंपरिक रैंप वॉक, सुआ नृत्य, कविता पाठ, सेल्फी, रील्स इत्यादि का आयोजन किया गया। वहा उपस्थित महिलाओं ने आम लोगों से मतदान करने की अपील की।



**जगदलपुर 7 नवंबर।** जगदलपुर में शांतिपूर्ण मतदान।

#### चेंबर अध्यक्ष पारवानी ते नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के व्यापार एवं उद्योग से संबंधित ज्ञापन सौंपा

## केंद्रीय मंत्री व भाजपा चुनाव सह प्रभारी ने चेंबर पदाधिकारियों से की सौजन्य मुलाकात

**रायपुर 7 नवंबर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज केंद्रीय मंत्री व भाजपा चुनाव सह प्रभारी माननीय श्री मनसुख मंडाविया जी एवं टीम छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स पहुंच चेंबर पदाधिकारियों से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर सांसद श्री सुनील सोनी, श्री जयंती भाई पटेल रायपुर जिला अध्यक्ष (भाजपा), श्री केदार गुप्ता प्रदेश प्रवक्ता (भाजपा), श्री सतीश छुगानी व्यापार प्रकोष्ठ सदस्य (भाजपा), श्री सुभाष अग्रवाल रायपुर जिला कोषाध्यक्ष (भाजपा) प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। चेंबर महामंत्री श्री अजय भसीन जी ने बैठक में उपस्थित समस्त पदाधिकारियों का परिचय देते हुए श्री मनसुख मांडवीया जी का स्वागत किया। बैठक में चेंबर अध्यक्ष श्री अमर पारवानी की अध्यक्षता में चेंबर प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश के व्यापारी एवं व्यापार तथा उद्योग के विकास से संबंधित महत्वपूर्ण सुझावों से अवगत कराकर श्री



मनसुख मंडाविया एवं उनकी टीम को व्यापार एवं उद्योग से संबंधित ज्ञापन सौंपा।

जिसमें महत्वपूर्ण सुझाव निम्नलिखित थेङ्क

1.यूजर चार्ज 2.संपत्ति कर 3.इंश्योरेंस पेंशन 4.एकल खिड़की प्रणाली 5.वन स्टेट वन लाइसेंस 6.बिजली बिल हाफ 7. मंडी शुल्क की समाप्ति 8. ई वे बिल से संबंधित 9.रियायती दर पर विद्युत दर का निर्धारण 10. ईंधन में रियायत 11. भारतीय दंड संहिता संबंधी 12. व्यापारियों की सुरक्षा 13.विशेष सुरक्षा कानून 14. कृषि आधारित उद्योग श्रेणी में सूक्ष्मङ्कलघु एवं मध्यम उद्योगों की श्रेणी संबंधित 15. अग्निशमन केंद्र की स्थापना 16. फूड पार्क स्थापना 17.कोल्ड स्टोरेज स्थापना 18.श्रम कानून 19. उद्योग/व्यापार विभाग सम्बंधित 20. स्थानीय स्तर पर रोजगार देने पर रियायत संबंधी 21. कुटीर एवं लघु उद्योग संबंधित 22. प्रदूषण मुक्त उद्योग 23. जल संसाधन संबंधी 24. कारखाना अधिनियम संबंधी संशोधन 25. नई औद्योगिक पॉलिसी 2024ङ्क29 संबंधी 26. भवन निर्माण अनुज्ञा 27. सोलर सब्सिडी 28. स्मार्ट टूरिज्म 29. आईटी सेक्टर से संबंधित इत्यादि। श्री पारवानी ने बैठक में रायपुर विमानतल स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा के रूप में विकसित करने तथा रायपुर में कार्गो हब बनाने श्री मंडाविया जी के समक्ष अपनी बात रखी ।

बैठक में जीएसटी एवं आयकर से संबंधित सुझाव की प्रतिलिपि भी केंद्रीय मंत्री व भाजपा चुनाव सह प्रभारी माननीय श्री मनसुख मंडाविया जी एवं टीम को सौंपी गई। टेक्नीकल टीम द्वारा ज्ञापन के सम्बंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

## संपादकीय

# भारत की लगातार आठवीं जीत

क्रिकेट के विश्वकप में भारत की जीत का सिलसिला जारी है। रविवार को कोलकाता में हुए मैच में भारत ने साउथ अफ्रीका को 243 रन से हरा दिया। यह विश्वकप में भारत की लगातार आठवीं जीत है। क्रिकेट के भारत में हो रहे विश्वकप में अब तक भारत ही एकमात्र देश है जो अपराजेय हैं।उसे अब तक कोई नहीं हरा सका है। उसने लगातार शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्वकप खेल रहे नौ देशों में आठ देशों को हरा चुका है। यह विश्वकप में भारत का अब तक का शानदार प्रदर्शन कहा जा सकता है। भारत के क्रिकेट प्रेमी भारत की लगातार जीत से गदगद हैं तो विश्व कप में खेल रही टीमों को हैरानी है कि भारत इतना अच्छा प्रदर्शन कर कैसे रहा है। वह कोई भी रणनीति बनाते हैं और भारत उनकी हर रणनीति को फेल करते हुए मैच जीत जाता है। भारत का पिछले दो मैच में प्रदर्शन तो चमत्कृत कर देने वाला है। श्रीलंका को भारत ने बुरी तरह हराया, वह तो सौ रन नहीं बना सका। भारत के गेंदबाजों के तूफान में श्रीलंका का कोई खिलाड़ी नहीं टिका। सब पत्ते की तरह उड़ गए। भारत की साउथ अफ्रीका भी भारत की तरह शुरु के एक दो मैच हारने के बाद शानदार जीत दर्ज करता आ रहा था, उम्मीद की जा रही थी कि भारत व साउथ अफ्रीका के बीच शानदार मुकाबला होगा। क्रिकेट प्रेमी मान कर चल रहे थे कि हो सकता है कि भारत साउथ अफ्रीका से हार जाए।लेकिन साउथ अफ्रीका टीम भी श्रीलंका की तरह ही भारतीय गेदबाजों के तूफान में टिक नहीं सके। सब मिलकर सौ रन भी नहीं बना सके। पूरी टीम 83 रन पर आउट हो गई। यह विश्वकप में साउथ अफ्रीका सबसे कम स्कोर है। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 327 रन बनाए। कप्तान रोहित शर्मा ने हमेशा की तरह आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 40 रन बनाए तथा दस ओवर में ही भारत के 90 रन से ज्यादा हो गए थे। उनके आउट होने के बाद यह रणनीति बनाई गई कि विराट कोहली एक छोर पर जमे रहे तथा धीरे धीरे रन बनाते रहे तथा दूसरे छोर से अन्य बल्लेबाज तेजी से रन बनाएं। यह रणनीति सफल रही । कोहरी ने एक छोर पर जमे रहकर अपना 49 शतक बनाकर सचिन के रिकार्ड की बराबरी की। बाकी बल्लेबाज दूसरे छोर से तेजी से रन बनाते रहे तथा सभी ने 20 रने से ज्यादा रन बनाकर भारत को 300 से ऊपर पहुंचाया। एक वक्त तो ऐसा लग रहा था कि भारत तीन सौ रन नहीं बना पाएगा लेकिन आखिरी जडेजा ने तेजी से रन बनाए और इसी की बदौलत भारत तीन से ज्यादा रन बना सका। दक्षिण अफ्रीका के विश्वकप में प्रदर्शन को देखते हुए 326 रन बनाना कोई बडी़ बात नहीं थी। भारतीय गेंदबाजों ने एक बार फिर यादगार प्रदर्शन किया। शुरू में तेज गेंदबाजों ने एक के बाद एक विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका को घटनों पर ला दिया। बाकी काम स्पिनर जडेजा ने पांच विकेट लेकर कर दिया। यह एक स्पिनर के रूप में जडेजा का शानदार प्रदर्शन है। वह दूसरे स्पिनर हैं जिसने विश्वकप में पांच विकेट लिया है। इससे पहले युवराज ने विश्व कप बतौर स्पिनर पांच विकेट लिए थे। कोलकाता में खेला गया विश्वकप का यह मैच दक्षिण अफ्रीका की बुरी हार के लिए तो याद किया ही जाएगी साथ ही भारती शानदार जीत और विराट कोहली के 49 वें शतक के लिए भी याद किया जाएगा। अब विराट कोहली भारत के दिग्गज बल्लेबाजों सुनील गावस्तर,सचिन तेंदुलकर की श्रेणी में शामिल हो गए हैं। जब भी सार्वकालिक बल्लेबाजों को याद किया जाएगा तो सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर की तरह ही विराट कोहली को भी याद किया जाएगा। वह देश के महान बल्लेबाजों में से एक है, भारतीय टीम में कभी बल्लबाज के रूप में सुनीलगावस्कर व सचिन तेंदुलकर से देश के लोग जैसी और जितनी अपेक्षा करते थे वैसी ही अपेक्षा लोग विराट कोहली से करते हैं। सुनील गावस्कर व सचिन तेंदुलकर ने जैसी लोगों की अपेक्षा पूरी की, विराट कोहली भी वही करते हैं। विराट की उम्र अभी 35 हे, वह एक और विश्वकप अभी खेल सकते हैं। आशा है आगे भी वह भारत को जिताते रहेंगे।

# बागी एवं बगावती होते टिकट वंचित नेता

**विधानसभा चुनाव**

ललित गर्ग



**राजस्थान में ऐसे ही सीन बन रहे हैं, अब विरोध के प्राचीन तरीकों जैसे कि नारेबाजी, धरना प्रदर्शन से मीलों आगे जाकर शीर्ष नेताओं के घरों के सामने आत्मदाह करने, पार्टी दफ्तरों पर हमले, नेताओं के कपड़े फाड़ने, हाथापाई, सामूहिक इस्तीफे और टिकट कटने के बाद मातमी अंदाज में जार-जार आंसू बहाने की स्थितियां समाप्त हो गयी है।**

पांच राज्यों के विधानसभा से पहले अनेक राजनीतिक दलों एवं उनके नेताओं के बीच बड़ी ऊंठापटक, खींचतान एवं चरित्रगत बदलाव देखने को मिल रहे हैं। राजस्थान एवं मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस ही आमने-सामने की स्थिति में है, लेकिन टिकट बंटवारे को लेकर इन दोनों ही दलों में दोनों ही राज्यों में व्यापक बदलाव देखने को मिल रहा है। दोनों ही दलों में अपने आपको पार्टी का सर्वेसर्वा मानने वाले नेताओं की इस बार टिकट बंटवारे में दाल नहीं गली और वे अपने चेहतों को टिकट देने में नाकाम साबित हुए, जिससे दोनों ही दलों में भारी असंतोष एवं विद्रोह देखने को मिल रहा है। प्रदेश के शीर्ष नेताओं को भी टिकट न मिलने से बागी एवं बगावती स्वर उभर रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि क्या अब चुनाव का टिकट पाना या उसका कटना ही नेताओं के जीवन-मरण का प्रश्न बन गया है? क्या पार्टी के प्रति बफादारी का गुब्बारा एक टिकट न मिलने की सूई से ही हवा शून्य हो गया है? एक प्रश्न और है कि टिकट क्या किन्हीं नेताओं की बपौती है, फिर बाकी कार्यकर्ताओं का क्या वजूद है जो सालों से पार्टी के लिये जी-जान लगाये होते है? क्या राजनीति अब सबसे ज्यादा लाभ और रौब का धंधा बन चुकी है? लोकतंत्र में जब मूल्य एवं सिद्धान्त कमजोर हो जाते है और सिर्फ निजी हैसियत को ऊंचा करना ही महत्वपूर्ण हो जाता है वह लोकतंत्र निश्चित रूप से कमजोर हो जाता है। अफसोस, कि जिस जन की सेवा के लिए चुनाव टिकट रूपी एंट्री पास तैयार किया गया है, वह 'जन' पहले भी हतप्रभ था, आज भी है और शायद आगे भी रहेगा। क्योंकि आम मतदाता तो पहले भी ठगा जाता था, गुमराह किया जाता था। आज भी उसके साथ यही हो रहा है? टिकट की दौड़ के लिये सक्रिय होने एवं पांच साल में केवल चुनाव के समय नजर आने वाले उम्मीदवारों को दोनों पार्टियों ने टिकट न देकर एक नया उदाहरण प्रस्तुत किया है। राजनीति में ऐसे ही साहसिक एवं अभिनव प्रयोग की अपेक्षा है, ताकि राजनीति में प्रतिनिधित्व की पात्रता किन्हीं सीमित हाथों से बाहर आये एवं नये चेहरों को अपना हूनर दिखाने का अवसर मिले।

राजस्थान विधानसभा चुनावों के लिए नामांकन के आखिरी दिन अनेक चेहरों को निराशा हाथ लगी है। भाजपा की आखिरी लिस्ट आ चुकी है, लेकिन इस लिस्ट में केंद्रीय नेतृत्व ने वसुंधरा राजे को किनारे कर दिया है। भाजपा ने इस बार वसुंधरा राजे के कई समर्थकों के टिकट काट दिए हैं। इनमें अशोक परनामी, अरूण चतुर्वेदी प्रमुख है और दोनों नेता ऐसे है जो पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष भी रह चुके है। इनके साथ ही पूर्व मंत्री एवं राजे के खास यूनुस खान का भी टिकट काट दिया गया है। राजपाल सिंह शेखावत और राव राजेन्द्र का टिकट भी पार्टी ने काट दिया है। कांग्रेस में भी ऐसे अनेक महत्वपूर्ण चेहरों को निराशा हाथ लगी है। टिकट न मिलने से पार्टी के इन वफादार सैनिकों के स्वरों में भी बगावत देखने को मिल रही है। निश्चित ही दोनों ही दलों में टिकट बंटवारे में आजमाये इन नये प्रयोगों का व्यापक असर देखने को मिलेगा। राजस्थान के अनेक राजनीतिक विश्लेषकों से चर्चा से यह तथ्य भी सामने आया है कि दलों में हो रहे इन बदलावों का नकारात्मक ही नहीं, सकारात्मक परिणाम भी सामने आयेगा।



चुनाव के समय राजनीतिक दलों में टिकट वितरण को लेकर असंतोष होना स्वाभाविक है। जो राजनीतिक कार्यकर्ता वर्षों मेहनत करे और टिकट वितरण के समय उसे दरकिनार कर दूसरे या किसी आयातित व्यक्ति को टिकट दे दिया जाए तो राजनीति में निष्ठा और समर्पण का पैमाना अपने आप ध्वस्त होने लगता है। वैसे भी हर पार्टी में एक सीट पर टिकट के एक से अधिक आकांक्षी होते हैं। दलों की संवैधानिक मर्यादा एवं सीमाएं हैं कि वे चुनाव में किसी एक को ही टिकट दे सकती हैं। ऐसे में बाकी को या तो पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार का समर्थन करना होगा या फिर दूसरे किसी दल से टिकट लेकर अथवा निर्दलीय चुनाव में खड़ा होना होगा। टिकट न मिलने वालों को अपनी नाराजगी प्रकट करने का अधिकार है, वे चाहे तो पार्टी हाई कमान और टिकट वितरणकर्ताओं के सामने खुलकर अपनी नाराजगी का प्रदर्शन कर मन को हल्का करे या अनैतिक विकल्प के तौर पर पार्टी में रहकर ही भीतरघात कर पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी को हरवाकर अपनी उपेक्षा का बदला ले और अगले चुनाव में अपनी उम्मीदवारी का खाता खुला रखे।

राजस्थान में ऐसे ही सीन बन रहे हैं, अब विरोध के प्राचीन तरीकों जैसे कि नारेबाजी, धरना प्रदर्शन से मीलों आगे जाकर शीर्ष नेताओं के घरों के सामने आत्मदाह करने, पार्टी दफ्तरों पर हमले, नेताओं के कपड़े फाड़ने, हाथापाई, सामूहिक इस्तीफे और टिकट कटने के बाद मातमी अंदाज में जार-जार आंसू बहाने की स्थितियां समाप्त हो गयी है। अब तो पार्टियों में विरोध प्रदर्शन का सबसे सशक्त हथियार निर्दलीय चुनाव लड़ना या भीतरघात करना ही देखने को मिल रहा है। मानो सभी दलों में अनुशासनहीनता और अराजकता की एक अघोषित स्पर्द्धा चल रही हो, जिसमें हर असंतुष्ट अपने गिरोह के साथ दूसरे को पीछे छोड़ने की दबंगई में लगा है। ऐसा नहीं है कि आला नेताओं को कार्यकर्ताओं के इस तरह उग्र अथवा बागी होने का अंदाजा न हो। लेकिन पार्टियां चुनाव का टिकट बांटती हैं तो टिकट देने और टिकट काटने के उसके अपने पैमाने होते हैं। उनकी अपनी सीमाएं भी होती है। टिकट बंटवारे में आलाकमान बहुत बारीकी से निर्णय लेता है, महीनों तक भीतर-ही-भीतर योग्य उम्मीदवार की पात्रता के संबंध में पार्टी की चलने वाली गंभीर विश्लेषण-जांच एवं अनुसंधान की गहरी भूमिका होती है, अब कोई धमक, सेवा एवं पैसा काम नहीं आता। यहां तक बड़े नेताओं के निजी संबंध भी अब कारगर नहीं रहे। एक-एक पात्र उम्मीदवार पर हर कोण से गंभीर रिपोर्ट तैयार होती है और वही टिकट बंटवारे का माध्यम बनती है। इसलिये अब बगावत एवं विद्रोह के उतने नुकसान भी नहीं देखने को मिलते, जितने पहले हुआ करते थे। पार्टी हित में शीर्ष नेतृत्व ऐसे बगावती स्वरों को शांत करने की पूरी कोशिश करता है। राजस्थान में अनेक टिकट वंचित उम्मीदवार छोटे दलों के टिकट पर या निर्दलयी चुनाव मैदान में उतरने का एलान कर चुके हैं। हालांकि, नाराजों को बिठाने और चुप कराने के लिए दोनों दलों में बड़े नेता साम-दाम-दंड-भेद सभी तरीके अपनाने में लगे हैं। लेकिन राजनीतिक कार्यकर्ता यह बखूबी जानता है कि बड़े नेताओं द्वारा उससे किए वादे भी ज्यादातर चुनावी वादों की तरह खोखले अथवा आधे-अधूरे होते हैं। साथ में यह भी सच है कि बड़े दलों में अब वो ऋषि एवं कद्दावर राजनेताओं का अभाव है, जिनके इशारों पर आक्रोश एवं विद्रोह शांत हो जाते थे। ऐसे दिग्गज नेताओं का नैतिक प्रभाव खत्म होने के बाद आजकल कार्यकर्ताओं को मनाने का फार्मूला मोटे तौर पर अगले चुनाव में टिकट के वादे, सत्ता में आने पर किसी पद की रेवड़ी, या फिर बात-बेबात उसकी पीठ थपथपाने, मंच से तारीफ के दो शब्द कहकर भावनात्मक शोषण करने या फिर धन के रूप में ही देखने को मिल रहा है।

लेकिन पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में सबसे बड़ा सवाल तो राजनीति में बुनियादी नैतिकता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों का है? लोकतंत्र में चुनाव टिकट की आकांक्षा रखना स्वाभाविक है, लेकिन उसे जीने-मरने का सवाल बना देना या उसे विसंगतियों एवं विडम्बनाओं का शिखर बना देना क्या संदेश देता है? दरअसल राजनीतिक व्यवस्था मूलतः लोकतंत्र को चलाने और इस तंत्र के असल मालिक लोक के जीवन को सुचारु और समृद्ध बनाने के लिए है, लोकतांत्रिक माफिया बनने के लिए तो कत्तई नहीं है। लेकिन दुर्भाग्य से आजादी के अमृत काल में यह कड़वा सच है कि राजनीति अब अधिकांश लोगों के लिए शुद्ध रूप से चौतरफा लाभ का धंधा है। इसीलिए वो इसे छोड़ना तो दूर इसे पीढ़ी दर पीढ़ी कायम रखना चाहते हैं ताकि पावर, पैसा और प्रतिष्ठा की गंगोत्री सूख न सके।

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज का दिन आपके लिए बहुत बढ़िया रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स को आज किसी कंपनी से जॉब के लिए कॉल आ सकती है। साथ ही किसी नये कोर्स को ज्वॉइन करने के लिए आज का दिन उत्तम है। आज काम के सिलसिले में आपको विदेश यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं। हो सकता है किसीनियर आपको कोई उपहार दें।

वृष राशि- आज आपका दिन खुशनुमा रहने वाला है। जीवनसाथी की राय लेने से आज आपके बिजनेस में बड़ा धन लाभ होगा, जिससे घर में छोटी-सी पार्टी होगी। इस राशि के प्रोफेशर्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। किसी अच्छे कॉलेज से लेक्चरार के लिए ऑफर आ सकता है। लॉ के स्टूडेंट्स आज आगे की पढ़ाई करने के लिए फार्म भरेंगे।

मिथुन राशि- आज आपके सोचे हुए काम पूरे होंगे। अगर आज नये बिजनेस की शुरूआत करने की सोच रहें है तो आज का दिन आपके लिए शुभ है। आज किसी दोस्त से चल रही अनबन आपके कोशिश करने से समाप्त हो जाएगी। जीवनसाथी के सहयोग से आपको किसी बड़े काम में सफलता मिलेगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। व्यापार को बढ़ाने का प्लान सफल रहेगा। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहने वाला है।

कर्क राशि- आज आपका दिन खास रहेगा। आज रास्ते में जाते समय आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से हो सकती है जिसका फायदा आपको भविष्य में अवश्य मिलेगा। आज जीवनसाथी के साथ मिलकर घर के जरुरी कामों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। आज आपके परिवार में खुशनुमा माहौल बना रहेगा। शाम को बच्चों के साथ पार्क जायेंगे जहां बच्चे आईसक्रीम का आनंदउठाएंगे।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। किसी काम को करने में आज आपके सामने कई चुनौतियां आएंगी, जिसे आप धैर्य के साथ सॉल्व कर लेंगे। आज समाज में आपको, आपके कार्यशीलता के लिए सम्मानित किया जायेगा। इस राशि के लोगों को आज के दिन इलेक्ट्रानिक से रिलेटेड सामान खरीदना शुभ है।

कन्या राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज पुराने विचारों को छोड़कर नए विचारों को अपनाएंगे। साथ ही आज घर पर अपना मनपसंद खाना खाने को मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न होगा। इस राशि के जो लोग अपने करियर की नई शुरुआत करने की सोच रहे है.. आज उनके लिए दिन बढ़िया है। आज रास्ते में जाते समय किसी दोस्त से मुलाकात होगी, जिसके साथ आप थोड़ा समय बिताएंगे, हो पुरानी बातें भी शेयर करेंगे।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहेगा। बिजनेस में आपको फायदा मिलने के योग बन रहे हैं। किसी को उधार दिया हुआ पैसा आज वापस मिलेगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा। इस राशि के लोग आज जीवनसाथी के साथ किसी विदेश यात्रा का प्लान कर सकते हैं। साथ ही उन्हें किसी अच्छी मूवी के लिए ऑफर भी करेंगे। मेडिकल कि पढाई कर रहे छात्रों को आज किसी बड़े डॉक्टर से मिलने का मौका मिलेगा।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन राहत पूर्ण रहेगा। आज आप ऐसे लोगों से मिलेंगे जो अपनी कमियों को जानते तो है, लेकिन उन्हें स्वीकार करना नहीं चाहते ऐसे लोगों से दूरियां बनाकर रहे। साथ ही उन अच्छे लोगों पर अपना ध्यान केंद्रित करें, जो पिछले कुछ वर्षों में मिले है। इस राशि की जो महिलाएं वर्क फ्रॉम होम स्टार्ट करना चाहती हैं, उनके लिए आज.. अच्छा दिन है।

धनु राशि- आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज ऑफिस की तरफ से आप कोई बिजनेस मीटिंग के लिए जा सकते है, अपने इमेल को एक बार अच्छे से चेक करके ही जाएं। आज आप दोस्तों के साथ पार्टी करेंगे, सभी लोग खूब एंजॉय करेंगे। इस राशि के जो लोग बिजनेसमैन है, आज कहीं अच्छी जगह निवेश कर सकते है।

मकर राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आप अपने संपर्क में आने वाले हर व्यक्ति के साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार करेंगे। साथ ही आपको अपने सब कामों को निपटाने की गति जरा धीमी करनी होगी, क्योकि जल्दी मे काम निपटाने के चक्कर में. आपसे गलतियां हो सकती हैं। आज दूसरों पर विश्वास न करें, इसका असर आपके कार्यक्षेत्र में पड़ेगा।

कुंभ राशि- आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज उन चीजों को महत्व देंगे जो सच में आपके लिए महत्वपूर्ण हैं। आपको अपने दोस्तों और काम के बीच संतुलन बनाकर रखना होगा। जिससे आपको ज्यादा से ज्यादा काम करने का समय मिल सके। आज आप शहर के किसी बड़े मॉल में फूड कार्नर ओपन करने का विचार कर सकते हैं। आज आप खुद को ऊर्जावान महसूस करेंगे।

मीन राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। संचार सेवा और इंटरनेट से जुड़े लोगों के लिए भी आज का दिन अच्छा रहेगा। किसी विदेशी कंपनी से जॉब के लिए कॉल आ सकती है। इस राशि के बिजनेसमैन अपने जरूरी कागजों को संभालकर रखें साथ ही कागजी कार्यवाही में सावधानी रखें। कानूनी मामले में आपको थोड़ी राहत मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ आज घर के जरूरत का सामान लेने मार्केट जायेंगे।

## व्यंग्य

# जिंदा खिलौना

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'



कल एक बंदा गाड़ी से गिर गया। वह बुरी तरह से कराह रहा था। बीस-तीस की भीड़ जुट गई। उसमें आधे उसके गिरने का मजाक उड़ा रहे थे। बाकी आधे केवल ओह...ऊह...हाय...अरे...अरे... जैसे शब्दों का मंत्रोच्चार करते हुए बड़ी तल्लीनता से अपने इंसानी जन्म का दायित्व निभा रहे थे। उनमें एक था जो सहायता करने के लिए गिरे हुए को उठाने के चक्कर में खुद इतना झुक गया कि बाकी उसे बेवकूफ समझकर हँसने लगे। उस समय हँसना बहुमत में था। झुककर सहायता करना अल्पमत में। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हर जगह बोलबाला बहुमत का चलता है। न कि अल्पमत का। अल्पमत हमेशा मजाक का खिलौना बनता है। कल ऐसा ही एक खिलौना बहुमत के हाथों खेलने के लिए लग गया। खिलौना निर्जीव हो तो मजा नहीं आता, वही सजीव हो तो कहने ही क्या। पहले तो किसी को विश्वास नहीं हुआ कि इतनी आसानी से खेलने के लिए जिन्दा खिलौना मिल जाएगा। मिलेगा भी क्यों नहीं? बेरोजगार बिना किसी यूनिवर्सिटी गए मक्खी मारने में डॉक्टरेट की डिग्री हासिल कर लेते हैं। ऐसे मक्खी मारने वालों के हाथ जिंदा खिलौना लग गया अब कहना ही क्या। उनके मजे ही मजे हैं। अब इस खिलौने को लेकर पहले बंदर-मदारी का खेला और बाद में कठपुतली का प्रोग्राम खेला गया। इसकी खास बात यह थी कि बन्दर मदारी को नचा रहा था जैसे आजकल मीडिया अदालत की भूमिका निभाती है। मक्खी-मारों ने सोशल मीडिया में खबर फैलाई कि आज शाम को सब लोग फलाना जगह आ जाएँ और जिंदा खिलौने का अच्छा मौका पाएँ। लोग चौंक गए। खबर के जवाब में कई संदेह पनपे। लोग पूछ रहे थे ÷जिंदा खिलौना क्या होता है?' %दीखता कैसा है?% यह भी जानना चाहते थे कि कहीं इससे एलर्जी-वलर्जी तो नहीं होता? बाजार में असली से लगने वाली नकली दवाइयाँ अक्सर बड़ी बीमारियाँ दे जाती हैं। क्योंकि नकली खिलौने बोलते तो नहीं हैं लेकिन असली जिंदगी के साथ खेल जाते हैं। इसीलिए बहुमत की दुनिया अल्पमत वाले जिंदा खिलौनों से खेलकर अपने झूठे अहम् को मात देने की कोशिश करने को अपनी जिंदगी का फलसफा समझते हैं।




## सम - सामयिक

**किशन सनमुखदास भावनानी**

# 22 अवैध सट्टेबाजी पेपर पर सरकार ने चलाया चाबुक



वैश्विक स्तरपर लोकतांत्रिक व्यवस्था वाले देशों को चूंकि ग्राम सेवक से लेकर पंचायत समिति और विधान सभा से लेकर संसद तक सीधे जनता चुनती है इसलिए इस सार्वजनिक जीवन वाले पदों के लिए प्रत्याशी को साफ सुथरा होना अति आवश्यक है, इसलिए ही पक्ष विपक्ष दोनों स्तरपर अपने प्रतियोगी के भूतपूर्व, वर्तमान जीवन के हर पहलू को गहराई से जांचते परखते हैं या किसी भी अवैध विवादापस्थ मामले में उसकी थोड़ी सी भी सलंग्नता नजर आई तो तिल का लाल और राय का पहाड़ बनाने में जरा सा भी नहीं चूकते और मुद्दे को लपक लेते हैं ऐसा अमेरिका भारतसहित अनेकों देशों में देखने को मिलता है। अमेरिकी राष्ट्रपति उसके बेटों पूर्व राष्ट्रपति उसके परिवार सहित अनेक मुद्दे अंतरराष्ट्रीय स्तरपर गूंजे हैं। वर्तमान समय में ऐसा ही एक मामला एक राज्य के तथाकथित महादेव अप के मुद्दे पर चुनावी समर के बीच महादेव ऐप के मुद्दे पर सियासी घमासान मचा हुआ है। जहां विपक्षी पार्टी इसे चुनावी मुद्दा बताते हुए राज्य के सीएम को घेर रही है, तो वहीं, सीएम अपने ऊपर लगे आरोपों को बेबुनियाद बता रहे हैं। यहां तक कि पीएम जब शनिवार को चुनाव प्रचार करने पहुंचे तो उन्होंने घेरते हुए कहा कि सरकार ने जनता का भरोसा तोड़ा है। इन्होंने तो महादेव के नाम को भी नहीं छोड़ा। दरअसल, महादेव बुक ऐप ईडी की रडार पर है। ऐप सट्टेबाजी के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराता है। इसके प्रमोटर रायपुर के रहने वाले हैं, और दोनों के दुबई में होने की आशंका है। दोनों वहीं, से ऐप को चलाते हैं,इसे भारत में बैन कर दिया गया है। ईडी एजेंसी ने कुछ महीनों पहले एक असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया था। असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर के कथित तौर पर सीएम के राजनीतिक सलाहकार के साथ संबंध की आशंका है कि अपनी अवैध गतिविधियों को नजर अंदाज करने के लिए कानून प्रवर्तन अधिकारियों, राजनेताओं और अन्य लोगों को रिश्वत में सैकड़ों करोड़ हरे गुलाबी के भ्रष्टाचार की बहू आ रही है ऐसा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और टीवी चैनलों पर बताया जा रहा है। मामले को ईडी ने हाथ में ले लिया है और इसके तार दुबई तक पहुंच गए हैं जिसे रेखांकित करना जरूरी है। मेरा मानना है कि अभी हाल ही में जीएसटी काउंसिल की 51वी बैठक में ऑनलाइन गेमिंग घुड़दौड़, क्लबों में दम पर 28 प्रतिशत जीएसटी और फिर उसको भारत सरकार की कैबिनेट ने मंजूरी दी है इसलिए हालांकि अवैध धंधों को जीएसटी वैध नहीं बनता फिर भी बैकडोर से तो आखिर समर्थन मिल ही जाता है, इसलिए जनहित और इसकी सहलग्नता से युवाओं के बढ़ते आत्महत्या मामलों को देखते हुए अब इस तरह की गेमिंग और एप्स को पूरी तरह से बैन किया जाना समय की मांग है। चूंकि अभी सिर्फ 22 एपो पर बैन लगाई गई है जबकि इसके पहले भी 100 से अधिक पर बैन लगा है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे कि भारत में युवाओं को विभिन्न अवैध सट्टेबाजी कारोबार, गेमिंग, जुआ से बचाने जीएसटी रूपी स्पीड ब्रेकर से कहीं अधिक इनको अवैध घोषित करना जरूरी है।

साथियों बात अगर हम एक राज्य में ठीक चुनावी समर में एप पर बवंडर की करें तो, चुनाव से ठीक पहले सियासी बंवडर खड़ा हो गया है। महादेव ऐप को विपक्षी पार्टी ने चुनाव का मुद्दा बनाया है। इस मामले में सीधे-सीधेमुख्यमंत्री का नाम सामने आने के बाद तो पार्टी आक्रमक है। खुद पीएम ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सत्ताधारी पार्टी की सरकार ने यहां की जनता का विश्वास तोड़ा है। इन्होंने तो महादेव को भी नहीं छोड़ा। हालांकि, सीएम ने इन आरोपों को बेबुनियाद और आधारहीन बताया है. दरअसल, केंद्र सरकार ने महादेव बेटिंग ऐप समेत अवैध सट्टेबाजी वाले 22 ऐप और वेबसाइटों को प्रतिबंध करने का आदेश जारी किया है। आईटी मंत्रालय ने अवैधसट्टेबाजी ऐप सिंडिकेट के खिलाफ चल रही जांच के बीच इन एप्स पर बैन लगाने के आदेश दिए हैं।आखिर क्या है महादेव ऐप और क्यों आया छत्तीसगढ़ में भूचाल। कैसे जुड़ा सीएम का नाम यह खोजने वाले प्रश्न हैं। सीएम ने तंज कसते हुए ऑनलाइन ऐप पर जारी सियासी घमासान के बीच कहा कि हमारे खिलाफ साजिश रची जा रही है। विपक्षी पार्टीऔर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) महादेव ऐप के मालिकों को बचा रही है। अगर इन्हें सही में कार्रवाई करनी है तो आरोपियों के खिलाफ एक्शन क्यों नहीं लेते हैं। ये पार्टी ईडी को हथियार बनाकर विपक्षी दलों के नेताओं पर कार्रवाई करवा रही है। मैं साफ कर दूं कि इस व्यक्ति को मैं नहीं जानता हूं और ना ही कभी वैसे मुलाकात हुई है जैसा कि दावा किया जा रहा है। मुझे बदनाम करने के लिए वो पार्टी ऐसा काम कर रही है, लेकिन जनता सब देख रही है। जनता ही विरोधी पार्टी को करारा जवाब देगी। आगे कहा कि पूरे देश में ऑनलाइन सट्टेबाजी बंद होनी चाहिए। ये सिर्फ इस राज्य में ही क्यों किया जा रहा है. क्योंकि यहां चुनाव है। चुनाव खत्म होने तक यह घमासान जारी रहेगा उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार आरोपी से कड़ी पूछताछ और उसके पास से जब्त फो की जांच से कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं ईमेल के मुताबिक, महादेव ऐप के प्रमोटर्स ने अब तक करीब 508 करोड़ रुपये दिए हैं। हालांकि एजेंसी ने कहा कि पैसे दिए गए या नहीं, इसकी जांच चल रही है। इस मामले के खुलासे होने के बाद सीएम ने चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि चुनाव के दौरान इससे भद्दा मजाक क्या हो सकता है।किसी को पकड़वाकर मैं पीएम का नाम कहवा दूं तो क्या पीएम से एजेंसीपूछताछ करेगी किसी का नाम लेना बहुत आसान है। साबित करना उतना ही मुश्किल काम है। ये सब साजिश के तहत किया जा रहा है। ईडी ने यूएई से आए शख्स पर शिकंजाकसा है ईडी के पास खुफिया सूचना है। इस राज्य में 7 और 17 नवंबर 2023 को होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर महादेव ऐप के प्रमोटरों की ओर से बड़ी मात्रा में नकदी ले जाई जा रही है। ये पैसे सत्तारूढ़ के चुनावी खर्चों के लिए बड़ी मात्रा में नकदी पहुंचाने के लिए खास तौर पर संयुक्त अरब अमीरात से भेजे गए एक कैश कूरियर को रायपुर से पकड़ा था। जांच एजेंसी ने दावा किया कि एजेंट को ऐप प्रमोटरों ने यूएई से भेजा था। ईडी ने 5.39 करोड़ रुपये की नकद राशि उनकी कार से बरामद की। जब्त धनराशि पर आरोपी ने स्वीकार किया है कि महादेव ऐप के प्रमोटरों ने राज्य में आगामी चुनाव खर्चों के लिए एक राजनेता को देने की व्यवस्था की गई थी। ईडी ने महादेव ऐप के कुछ बेनामी बैंक खातों का भी पता लगाया है, जिनमें 15.59 करोड़ रुपये की शेष राशि फ्रीज कर दी गई है। ईडी नेआरोपी को गिरफ्तार कर लिया। दरअसल, महादेव बुक ऐप एक ऑनलाइन सट्टेबाजी का प्लेटफॉर्म है। इसके प्रमोटर रायपुर निवासी हैं और दोनों दुबई में रहते हैं। दोनों पर आरोप है कि ये ये दुबई से ही ऐप को संचालित करते हैं।ईडी ने इसे भारत में बंद कर दिया है। एजेंसी ने इस मामले में चार लोगों को डिटेन भी किया है। साथियों बात अगर हम 22 एप पर सरकार के चाबुक चलने की करें तो, केंद्र सरकार ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अनुरोध पर महादेव ऐप और रेड्डीअन्नाप्रेस्टोप्रो सहित 22 अवैध सट्टेबाजी मंचों पर रोक लगाने के आदेश जारी किए हैं। मीडिया में एक आधिकारिक बयान में रविवार को यह जानकारी दी गई। बयान में केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री ने आरोप लगाया कि इस सरकार ने ऐसा करने का अधिकार होने के बावजूद इन मंचों पर रोक लगाने का अनुरोध नहीं किया। उन्होंने कहा है किराज्य सरकार के पास धारा 69 ए आईटी अधिनियम के तहत वेबसाइट-ऐप को बंद करने की सिफारिश की पूरी शक्ति थी.द्य। हालांकि, उन्होंने ऐसा नहीं किया और न ही राज्य सरकार की ओर से ऐसा कोई अनुरोध नहीं किया गया है, जबकि सरकार पिछले 1.5 साल से इसकी जांच कर रही है। सच्चाई ये है कि इस संबंध में ईडी से पहला और एकमात्र अनुरोध प्राप्त हुआ था जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है। महादेव बुक ऐप का मालिक फिलहाल ईडी की हिरासत में हैं। उसे मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 19 के तहत गिरफ्तार किया गया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री ने आरोप लगाया है किराज्य सरकार ने ऐसा करने का अधिकार होने के बावजूद इन प्लेटफार्मों को ब्लॉक करने के लिए केंद्र सरकार के पास कोई अनुरोध नहीं भेजा था। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि चुनावी समर के बीच महादेव एप के मुद्दे पर सियासी धमासान - 22 अवैध सट्टेबाजी पेपर पर सरकारने चलाया चाबुक।राज्य सरकारों को आईटी अधिनियम के 69 ए के तहत वेबसाइट,एप को बंद करने की सिफारिश का अधिकार को जनता ने रेखांकित करना जरूरी।भारत के युवाओं को विभिन्न अवैध सट्टेबाजी कारोबारों, गेमिंग, जुआ से बचाने जीएसटी रूपी स्पीड ब्रेकर से कहीं अधिक अवैध घोषित करना जरूरी है।

# चुनाव बहिष्कार फरमान के बावजूद ग्रामीणों ने बढ़चढ़कर किया मतदान

## शहर के बूथों पर भीड़ कम व ग्रामीण इलाकों में वोटरों की भारी भीड़ रही, दंतेवाड़ा विधानसभा क्र. 88 में 7 प्रत्याशी हैं मैदान में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा/गीदम 7 नवंबर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के पहले चरण के तहत आज 11 जिलों के 20 विस सीटों के लिए मतदान हो रहा है। दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा विधानसभा में आज सुबह से ही मतदान करने लोगों की भीड़ बूथों में उमड़ने लगी थी। मतदान का समय सुबह 7 बजे से सायं 3 बजे तक ही रखा गया है। शहरी क्षेत्रों में जहां मतदान केंद्रों पर भीड़ कम दिखाई पड़ी नहीं ग्रामीण अंचलों के बूथों में लोगों की लंबी लंबी कतारें लगी रही। ग्रामीण मतदान केंद्रों पर खासकर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की बूथों पर सुरक्षा के चाक चौबंध इंतजामात किए गए हैं। दोपहर 2 बजे तक कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं मिलने से जिला प्रशासन, निर्वाचन अधिकारी, बूथ कर्मचारी, पुलिस विभाग समेत आम जनता ने राहत की सांस ली है। दोपहर 1.30 बजे तक दंतेवाड़ा विधानसभा में करीब 40 प्रतिशत वोट पड़ने की जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी ने दी है।

दंतेवाड़ा विस चुनाव में कांग्रेस के ही एक बागी निर्दलीय अमूलकर नाग समेत कुल 7 प्रत्याशी मैदान में है। लेकिन मुख्य मुकालबा हमेशा की तरह इस बार भी दो प्रमुख दल भाजपा व कांग्रेस के बीच मानी जा रही है। कांग्रेस से छबिन्द्र महेंद्र कर्मा व भाजपा से चैतराम अटामी मैदान में है। देखना होगा कि क्षेत्र की जनता किसे अपना अगला विधायक चुनती हैं। पहले चरण के तहत आज सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हुआ । भाजपा प्रत्याशी चैतराम ने कासोली बूथ पर सुबह 7 बजे परिवार समेत मतदान किया तो वहीं कांग्रेस प्रत्याशी छविन्द्र कर्मा ने अपने पैतृक निवास ग्राम फरसपाल में अपने परिवारजन समेत सुबह सुबह मतदान किया। दंतेवाड़ा विस में कुल 273 मतदान केंद्र हैं। संवेदनशील 07 बूथों को सुरक्षागत कारणों से नजदीकी बूथों में शिफट किया गया है। दंतेवाड़ा विस में करीब 1 लाख 92 हजार 323 वोटर हैं। चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त थे। करीब 10 हजार जवान चप्पे चप्पे पर तैनात किए गए थे। नक्सलियों ने पिछली बार की तरह इस बार भी चुनाव बहिष्कार का ऐलान किया है नक्सली आशंका के मद्देजनर संवेदनशील एवं अति संवेदनशील बूथों पर सुरक्षा चाक चौबंध की गई है। सुरक्षा व्यवस्था तगड़ी होने से ग्रामीण बेखौफ होकर अपने घरों से वोट डालने निकले। अंदरूनी क्षेत्रों में बूथों पर ग्रामीणों की जबरदस्त भीड़ देखी जा रही है। लोग सुबह 7 बजे से पूर्व ही अपने अपने मतदान केंद्रों के सामने जाकर कतार में लग गए थे। ग्रामीण महिला पुरूष घंटों कतार में लग कर वोट करते रहे। वहीं शहरी क्षेत्रों के मतदान केंद्रों की बात करें तो शहरी इलाकों के बूथों पर भीड़ कम देखी गई है। सुबह 7 बजे 11 बजे तक आंवराभाटा, हाईस्कूल एवं कतियाररास के बूथों पर कतार लगी रही उसके बाद 12 बजते ही शहरी बूथों पर भीड़ एकाएक कम हो गई। लोग एक एककर आराम से मतदान केंद्रों पर जाकर वोट डालकर जाते रहे। दिव्यांग मतदाता भी उत्साह के साथ वोट करने बूथों पर पहुंचे थे जिन्हें जवानों ने सहायता कर सुरक्षित तरीके से बूथों तक पहुंचाया। शहरी मतदाता पूरे उत्साह के साथ लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। खासकर वो मतदाता जो पहली बार वोटिंग करने बूथों पर पहुंचे थे उनमें गजब का उत्साह था। दंतेवाड़ा के स्वामी आत्मानांद इंगलिश मिडियम स्कूल बैंक चौक स्थित बूथ पर सुबह मतदान से पर्व ही ईवीएम खराब होने की जानकारी मिली है जिसे बाद में सुधारा गया जिसके चलते इस बूथ पर 40 मिनट देर से मतदान शुरू हुआ। कई अन्य बूथों पर भी वोटिंग कुछ देर से शुरू होने की जानकारी है। नक्सल प्रभावित चेरपाल में 33 सालों बाद हुआ मतदान-गीदम ब्लाक के इंद्रावती नदी पार के अतिसंवेदनशील क्षेत्र चेरपाल पंचायत में इस बार मतदान उसी गांव में होने से मतदाताओं ने बढ चढकर मतदान किया। बता दें कि आज से पहले इंद्रावती नदी पर पुल नहीं बना था जिसके चलते बीते कई दशकों से चेरपाल, हांदावाड़ा, कउरगांव, हितावाड़ा, तुमरीगुण्डा, पाहुरनार, छोटे करका के लोगों को मतदान के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। बूथ नदी के इस पार शिफट करना पड़ता था।



## एक नजर

### निर्वाचन दायित्व से जुड़े अधिकारी, कर्मचारी 7 से 9 नवम्बर तक डाक मतपत्र से कर सकेंगे मतदान

**धमतरी 7 नवम्बर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 में मतदान दलों, सेक्टर ऑफिसर, एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी और विभिन्न विभागों के जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा अन्य जिले के कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान नहीं कर पाए हैं, ऐसे अधिकारी एवं कर्मचारी 7 से 9 नवम्बर तक डाक मतपत्र सुविधा केन्द्र के जरिए मतदान कर सकेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋतुराज रघुवंशी ने बताया कि जिले में इसके लिए मेनोनाईट अंग्रेजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी में 7, 8 एवं 9 नवम्बर को विधानसभावार सुविधा केन्द्र बनाया गया है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा 56 सिहावा के अधिकारी, कर्मचारी उक्त स्कूल के भूतल-कक्ष क्रमांक-06, विधानसभा क्षेत्र 57 कुरूद के भूतल-कक्ष क्रमांक 26 एवं 27 तथा विधानसभा क्षेत्र 58 धमतरी के अधिकारी, कर्मचारी भूतल-कक्ष क्रमांक 28 और 29 में सुबह 11 से शाम 6 बजे तक अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे।

### स्वीप दीपावली के तहत विद्यार्थियों ने दीपदान कर ली मतदान की शपथ




**धमतरी 7 नवम्बर।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की कड़ी में आज यशवंत राव मेघा वाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में स्वीप दीपावली 2023 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत महाविद्यालीयन विद्यार्थियों ने दीपदान कर शत्-प्रतिशत मतदान करने की शपथ ली। विद्यार्थियों ने शपथ में कहा कि आगामी 17 नवंबर को मतदान करने अवश्य जाएंगे। इसके साथ ही जिला धमतरी, वोट सर्वोपरी और लोकतंत्र की सुनो पुकार, मत खोना अपना अधिकारी संबंधी नारा भी उन्होंने लगाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ.घनश्याम देवांगन, श्रीमती यशोदा साहू सहित महाविद्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहे।

### संवेदनशील और संगवारी मतदान केंद्र के मतदान कर्मियों को दी शुभकामनाएं

**जगदलपुर, 7 नवम्बर।** विधानसभा निर्वाचन के तहत बस्तर जिले के तीनों विधानसभा 85-बस्तर, 86-जगदलपुर, 87 चित्रकोट और आंशिक नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदान दलों को जगदलपुर के धरमपुरा स्थित शासकीय आदर्श महाविद्यालय परिसर में मतदान सामग्री का वितरणकर सम्बन्धित मतदान केंद्रों के लिए वाहनों से रवाना किया गया। मतदान सामग्रियों के वितरण के अवसर पर तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के प्रेक्षक श्री सुब्रत गुप्ता, श्री आरएच ठाकरे, श्री सुदेश कुमार मोखटा की उपस्थिति में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. के मार्गदर्शन में किया गया।

कलेक्टर ने सभी वितरण केंद्रों के स्टाल में जाकर निरीक्षण करते हुए समय पर वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मतदान दलों को मतदान सामग्री प्रातः 7 बजे से वितरण किया गया जिसमें संगवारी मतदान केंद्र, युवा, दिव्यांग मतदान केंद्र के लिए अलग-अलग वितरण केंद्र बनाया गया था।सामग्री मिलने के बाद मतदान कर्मियों द्वारा मौका मिलान कर अपने दलों, सेक्टर अधिकारियों के साथ वाहनों के लिए रवाना हुए। तीनों विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारियों ने वितरण व्यवस्था को निर्बाध करवाते हुए 10.30 बजे तक सामग्री वितरण पूर्ण करवाया। इसके बाद मतदान दलों को वाहनों से रवानगी करवाई गई। संगवारी मतदान केंद्र के महिला कर्मियों द्वारा शत प्रतिशत मतदान करवाने की उत्साह दिखाई, पुलिस विभाग द्वारा इन केंद्रों के लिए महिला सुरक्षा बल भी दिया गया है।

वाहनों में दलों की रवानगी के अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री जितेंद्र मीणा ने जिले के संवेदनशील और संगवारी मतदान केंद्र मतदान कर्मियों को फूल भेंटकर दी शुभकामनाएं।

# जनता से मिल रहे अपार स्नेह को देख भावुक हुए डॉ रमन

**राजनांदगांव 7 नवंबर।** प्रथम चरण के मतदान का चुनाव प्रचार थमने के बाद सोमवार को डॉ रमन सिंह ने सामाजिक संगठनो और शिक्षा संस्थानां सहित अन्य संगठन के लोगों से मेल मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने लोगां से मिलकर उनका हाल.चाल जाना और शत.प्रतिशत मतदान करने का आग्रह किया। भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय उम्मीदवार डॉ रमन सिंह सबसे पहले सकल जैन समाज के लोगों से जनसंपर्क किया तथा बालगोविंद चौक स्थित मनोज बैद के घर में डॉ रमन सिंह का स्वागत किया, इस मौके पर समाज के वरिष्ठ जनों से मुलाकात की। समाजिक जनां से चर्चा करते हुए डॉ रमन सिंह ने कहा कि जैन समाज के लोगों का हमेशा डॉ रमन सिंह को समर्थन रहा है और उन्हे पूरा विश्वास है कि इस बार भी समाज के लोगों का समर्थनए प्यार और आशीर्वाद उन्हें ही मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रचार थमने के बाद मै बिना लाउड स्पीकर के बीच आपसे संवाद कर रहा हूंए क्योंकि मुझे पता है कि आप लोग समझदार हैंए मुझे आपको को कुछ समझाने की जरूरत नहीं है। इस अवसर पर समाज के लोगो द्वारा डॉण् सिंह को भरोसा दिया गया कि इस बार उनकी जीत रिकार्डतोड़ होगीए जिसमें जैन समाज के लोगों का अहम योगदान होगा। इसके अलावा डॉ रमन सिंह चिराग प्लाजा में छत्तीसगढ़ी सरयूपारीण ब्राम्हण समाज के लोगों से जनसंपर्क किया। यहां विप्रजनां को से चर्चा करते हुए डॉ रमन सिंह ने कहा कि मै ऐसे लोगों से चर्चा कर रहा हूँए जो समाज को दिशा प्रदान करते हैंए इसलिए मैं आपसे आग्रह करूंगा कि ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए लोगां को प्रेरित करिए। उन्हांने कहा कि मै पूर्व मुख्यमंत्रीए पूर्व केंद्रीय मंत्री या भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की हैसियत से नहीं बल्कि एक प्रत्याशी के तौर पर आप सबके समक्ष उपस्थित हुआ हूं। उन्होंने विप्र बंधुओं से कमल छाप पर तीन नंबर का बटन दबाकर भाजपा को समर्थन देने का आग्रह किया। वहॉ उपस्थित जनों ने एक स्वर में डॉ रमन सिंह को समर्थन देने का वादा किया। श्री सिंह ने कहा कि राजनांदगांव के सभी लोगों की तरफ से मिल रहे अपार समर्थन और स्नेह को देखकर मैं आश्वस्त हूं कि राजनांदगांव इस बार भाजपा को प्रचंड मतां से जीत दे कर नया कीर्तिमान रचने जा रहा है।

इसके बाद डॉ सिंह शिक्षण संस्थानों में कार्यरत् शिक्षकों और स्कूल के अन्य कर्मचारियां से चर्चा कर जनसंपर्क करते हुए कहा कि शिक्षा मंदिरां में शिक्षा के साथ.साथ संस्कार भी दिया जाताए इस अवसर पर डॉ रमन सिंह ने शिक्षकों और स्कूल कर्मचारियों से अपने लिए वोट मांगाए उन्हांने जनसंपर्क के दौरान मौजूद लोगों को भरोसा दिलाया कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने पर नांदगांव को एजुकेशन हब के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्हांने कहा कि नांदगांव को एजुकेशन हब बनाने की दिशा में आगे बढ़ाने की नींव भाजपा सरकार के कार्यकाल में ही रख दी गयी थीए लेकिन पिछले पांच साल में शिक्षा के क्षेत्र में नांदगांव को उपेक्षित रखा गया।

## समाचार संक्षेप

### जिले के आला अधिकारियों ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग



**सुकमा, 7 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरिस. एस, एसपी श्री किरण चव्हाण और डीएफओ श्री अशोक कुमार पटेल ने आदर्श मतदान केंद्र सुकमा में वोट देकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस अवसर पर सभी अधिकारियों ने सेल्फी कॉर्नर में तस्वीर भी खिंचाई और सभी वोटर्स को मतदान अवश्य करने का संदेश भी दिया।

### कोहली के फैन ने मनाया उनका जन्मदिन



**अंवरी 7 नवंबर।** नगर पंचायत भखारा के युवकों ने टीम इंडिया कप्तान विराट कोहली का जन्मदिन केक काटकर मनाया। युवक हिमांशु साहू ने बताया कि मैं विराट फैन हूं उनके बल्लेबाजी हम जैसे नवयुवकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। आज के समय में हर युवक चाहता है कि वह क्रिकेटर बने और हम कामना करते हैं कि टीम इंडिया को लगातार मैच जिताते रहे और भारत के नाम रोशन करते हैं। इस अवसर पर हनी गौर, नितिन साहू, गुलशन साहू, पिन्टू साहू, पुष्पेंद्र साहू, पंकज साहू, सौरभ साहू, मनोज साहू हिमांशु साहू प्रवीण सहित अन्य युवक उपस्थित रहें।

### ईव्हीएम एवं वीवीपैट का कमिशनिंग कार्य शुरू

**महासमुंद 7 नवंबर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में उपयोग होने वाले ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन का कमिशनिंग आज मंडी परिसर पिटियाझर में प्रारंभ हो गया है। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और संबंधित विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारियों की मौजूदगी में कमिशनिंग कार्य किया जा रहा है। कमिशनिंग कार्य के दौरान सामान्य प्रेक्षक श्री जफर अली एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक ने निरीक्षण किया। उन्होंने स्ट्रांग रूम परिसर का भी अवलोकन किया। उन्होंने किए जा रहे कार्यां का अवलोकन करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कमिशनिंग के लिए प्रति विधानसभा वार 20-20 पर्यवेक्षक और 40-40 कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। आज महासमुन्द और सरायपाली विधानसभा के मशीनों का कमिशनिंग कार्य प्रारंभ हुआ। इस दौरान मॉक पोल भी कराए गए। प्रत्येक विधानसभा में 20-20 टेबल लगाए गए है।



**सुकमा 7 नवंबर।** कुन्दनपाल के वोटर पहुंचे मतदान केंद्र के सामने, पांच बजे पहुंचकर कर रहे है इन्तज़ार, बड़ी तादाद मे पहुंचे महिला पुरूष, करेंगे मतदान का प्रयोग, मनाएंगे लोकतंत्र का त्योहार, ग्रामीण ईलाको का उत्साह , लोकतंत्र का उत्साह।

# राइस मिल में लोगों को मतदान के लिए किया प्रेरित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**धमतरी 7 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर और सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप जिला नोडल अधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव के मार्गदर्शन में 17 नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियां जिले में जोर पकड़ रहीं हैं। इसके तहत स्कूल, कॉलेज ऑयल और राइस मिलों सहित विभिन्न विभागों के शिविरों और बैठकों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम श्यामतराई मे स्थित विजटेक राइस मिल मे कार्यरत श्रमिकों को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत श्रम विभाग धमतरी द्वारा आज मतदान हेतु जागरूक करते हुए शपथ दिलाया गया, जिसमे श्रम विभाग से श्रम निरीक्षक निम्मी पटेल एवं राइस मिल के संचालक और श्रमिक उपस्थित रहें।

शपथ में कहा गया कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। साथ ही 'बूढ़े हो या जवान, सभी करें मतदान', संबंधी स्लोगन का नारा भी लगाया गया।

# `एनएमडीसी के लिए सुनहरा अवसर, ऑस्ट्रेलिया में गोल्ड खनन शुभारंभ

**हैदराबाद 7 नवंबर।** राष्ट्रीय खनन कंपनी एनएमडीसी ने रविवार को अपनी सहायक कंपनी लिगेसी आयरन ओर लिमिटेड के माध्यम से पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के माउंट सेलिया में गोल्ड खनन कार्य का शुभारंभ किया। श्री नागेंद्र नाथ सिन्हा (सचिव) इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार ने श्री अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार), एनएमडीसी और श्री राकेश गुप्ता, सीईओ, लिगेसी की उपस्थिति में लिगेसी के गोल्ड परियोजना का उद्घाटन किया। लीगेसी का माउंट सेलिया गोल्ड परियोजना अगले दो से तीन महीनों में ब्लू पीटर पिट्स में अयस्क खनन कार्य प्रारंभ करेगा। यह 66 वर्ष पुरानी खनन कंपनी एनएमडीसी के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है क्योंकि यह भारत के खनन क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए अपने पोर्टफोलियो में एक नया भूगोल और एक नया खनिज शामिल किया है।




## डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र में 252 मतदान केंद्र बनाये गए मतदान के लिए

# मतदान को लेकर मतदाताओं में दिखा खासा उत्साह



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगांव 7 नवंबर।** प्रथम चरण के विधानसभा चुनाव को लेकर डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं में मतदान को लेकर काफी उत्साह नजर आ रहे है। यहां भाजपा के भरत वर्मा और कांग्रेस के दलेश्वर साहू के बीच सीधी टक्कर देखी जा रही है। राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र में 252 मतदान केंद्र बनाये गए हैं। जहां आज सुबह 8 बजे से ही मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करने पहुंचने लगे। डोंगरगांव विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी दलेश्वर साहू ने अपने मताधिकार का उपयोग करने के बाद कहा कि क्षेत्र के मतदाताओं के उत्साह को देखकर ही लग रहा है कि मतदाता कांग्रेस के साथ है। दो लाख 2 हजार 797 मतदाता वाले डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र में पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 2 हजार 59 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 738 है। डोंगरगांव विधानसभा से दो बार के विधायक दिलेश्वर साहू कांग्रेस उम्मीदवार हैं, तो वहीं भरत लाल वर्मा भाजपा प्रत्याशी हैं। जिनके बीच सीधा मुकाबला देखने को मिल रहा है।

### मतदान केंद्रों में मतदान के लिए सुबह से लंबी लाइन लगी रही




**चारामा 7 नवंबर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 के प्रथम चरण के मतदान के तहत आज भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चारामा के मतदान केंद्र में लगी मतदाताओं की भीड़।नये मतदाताओं ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया वही महिला मतदाता अधिक संख्या में उपस्थित रही। चुनाव के प्रथम चरण में मतदान का समय सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित है।

# कांग्रेस के सिर्फ दो पहलू,एक परिवारवाद है और दूसरा है भ्रष्टाचारःजेपी नड्डा



**पत्थलगांव, 7 नवंबर ।** स्नैह रैली को संबोधित करने बी.जे.पी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नडडा यहा के हाईस्कूल मैदान मे अपने चौपर से लगभग 12 बजकर 50 मिनट के करीब पहुंचे। उनके पहुंचते ही भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यक्रर्ताओ ने पुष्प माला एवं पुष्प गुच्छ से उनका हैलीपैड पर स्वागत किया। मंच पर भाजपा के एक दर्जन से भी अधिक कार्यकर्ता मौजुद थे,जिले से अनेक बडे पदाधिकारी यहां आये हुये थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नडडा का स्वागत पश्चात उन्होने सर्व प्रथम श्याम मंदिर एवं शहीद वीर नारायण सिंह को नमन किया। उन्होने मंच से हजारो की संख्या मे मौजुद लोगो को संबोधित करते हुये बी.जे.पी की पत्थलगांव विधानसभा से खडी प्रत्याशी को भारी बहुमत से विजयी बनाकर विकास का रास्ता खोलने की बात कही। उन्होने कहा कि जब-जब बी.जे.पी की सत्ता आयी है,तब तब छत्तीसगढ का विकास हुआ है।

उन्होने बी.जे.पी के कार्यक्रर्ताओ को जनता के हित मे खडा रहने एवं बी.जे.पी की योजनाओ को जनता के हित की बतायी। उन्होने छ.ग. की कांग्रेस सरकार को को घोटाले की सरकार बतायी,उनका कहना था कि सिक्के की तरह कांग्रेस के भी सिर्फदो ही पहलु है,पहला परिवारवाद दूसरा भ्रष्ट्राचार। उन्होने पत्थलगांव विधानसभा के बारे मे कहा कि चालीस साल से कांग्रेस के विधायक ने यहा पर विकास की एक ईट तक नही लगायी है, उन्होने कांग्रेस को झूठ, भ्रष्ट्राचार,अत्याचार,धोखा एवं अराजकता की सरकार बताया। उन्होने कांग्रेस की सरकार को आडे हाथ लेते हुये कहा कि कांग्रेस के शासनकाल मे पनडुंबी घोटाला, हैलीकाप्टर घोटाला,कोयला घोटाला,कॉमन वेल्थ घोटाला के साथ मनरेगा घोटाला किसी से छुपा नही है। उन्होने छत्तीसगढ मे बी.जे.पी की सरकार बनाने की अपिल की।

**कांग्रेस ने दी लूट की गारंटी-** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड़डा ने अब छत्तीसगढ की भूपेश सरकार को आडे हाथ लेना शुरू किया। उन्होने सबसे पहले कांग्रेस सरकार पर घोटाला से ही वार किया। उनका कहना था कि पांच साल मे कांग्रेस की भूपेश सरकार ने सिर्फ लूट की गारंटी दी है। भूपेश सरकार छत्तीसगढ की जनता को दोनो हाथो से लूटकर एक के बाद एक घोटालो पर घोटाले करते चले गये। उन्होने शराब घोटाला से छत्तीसगढ सरकार को घेरना शुरू किया। उसके बाद उन्होने चावल घोटाला,कोयला घोटाला,गौठान घोटाला,डी.एम.एफ घोटाला,शिक्षक ट्रांसफर घोटाला, गोबर घोटाला एवं अंत मे उन्होने महादेव एप्प घोटाले पर आकर अपनी बात को विराम दिया।।

सत्ता में आने सटटा का सहारा- राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी नडडा ने कहा कि भूपेश सरकार सत्ता मे आने के लिए सटटे का घोटाला भी कर दी। उन्होने महादेव एप्प की बात करते हुये कहा कि भूपेश सरकार सत्ता मे आने के लिए सटटा घोटाला से भी खुद को नही बचा पायी। 508 करोड़ रूपये का सटटा घोटाला कर भूपेश सरकार ने दोबारा सत्ता मे आने का चांस लिया। उन्होने दो दिन पूर्व जारी भाजपा के घोषणा पत् की प्रशंसा करते हुये उसमे किये गये बहुत से वादो को जनता के बीच रखा। उन्होने मोदी सरकार द्वारा छत्तीसगढ को दिये जाने वाले अनेक अनुदान के संबंध में भी जानकारी दी। बाद मे दोपहर का भोजन ग्रहण करने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष सड़क मार्ग से रायगढ जिले के बाकारूमा पहुंचे,जहा से उन्होंने अपना रोड शो की शुरूवात कर लैलूंगा विधानसभा की ओर प्रस्थान किया।।

## एक नजर

### खल्लारी के अभ्यर्थियों के लिए व्यय लेखा का निरीक्षण कराने तिथि निर्धारित

**महासमुंद।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए विधानसभा क्षेत्र खल्लारी अंतर्गत चुनाव लड़ रहे अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय का निरीक्षण के लिए व्यय ऑब्जर्वर द्वारा समय सारिणी निर्धारित किया गया है। रिटर्निंग अधिकारी खल्लारी सृष्टि चंद्राकर द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि व्यय लेखा निरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत प्रथम जांच 7 नवंबर 2023, द्वितीय जांच 11 नवंबर 2023 एवं तृतीय जांच 15 नवंबर 2023 को दो पालियों में कार्यालय जिला पंचायत में होगी।

इन निर्धारित तिथियों में प्रथम पाली में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक उम्मीदवार अलका चंद्राकर भारतीय जनता पार्टी, नीलम ध्रुव आम आदमी पार्टी, गेंदलाल डड़सेना जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी, प्रेमलाल मलिक जनता कांग्रेस, बुधयारिन साहू राइट टू रिकॉल पार्टी, याकूब खान पाशा नेशनल यूथ पार्टी, ईश्वर मारकांडे निर्दलीय एवं चंपालाल पटेल निर्दलीय को व्यय लेखा जांच हेतु उपस्थित होने कहा गया है। इसी तरह द्वितीय पाली में दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक उम्मीदवार द्वारिकाधीश यादव इंडियन नेशनल कांग्रेस, रेखराम बाघ जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे), सुफल साहू बहुजन समाज पार्टी, नैनसिंह ठाकुर भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, साखाराम बरिहा निर्दलीय, सुखनंदन देशकर निर्दलीय एवं संतोष कुमार बंजारे निर्दलीय को व्यय लेखा जांच कराने उपस्थित होने कहा गया है। समस्त उम्मीदवारों को अपना व्यय लेखा निरीक्षण कराने के लिए स्वयं अथवा अपने निर्वाचन अभिकर्ता के माध्यम से व्यय लेखा रजिस्टरमय समस्त दस्तावेज, बिल व्हाउचर्स के साथ जांच के लिए उपस्थित होने कहा है। निर्धारित तिथि में लेखा निरीक्षण पूर्ण ना होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस में उपस्थित होकर पूर्ण कराएं।

### जोरातराई में एक लाख का सागौन लट्ठा व चिरान जब्त

**महासमुंद।** ग्राम जोरातराई से वन विभाग की टीम ने सागौन लकड़ी जब्त किया है. वन विभाग की टीम ने ग्राम जोरातराई निवासी ईश्वर पिता बाबूलाल निषाद (35 वर्ष) के घर एवं बाड़ी पर सर्च वारंट के माध्यम से कार्रवाई की। इस दौरान आरोपी के घर से सागौन लट्ठा 17 नग कुल 1.069 घन मीटर, सागौन चिरान 24 नग कुल 0.181 घनमीटर एवं साजा चिरान 34 नग कुल 0.034 घन मीटर जब्त करते हुए पीओआर पंजीबद्ध किया गया। जब्त वनोपज का बाजार मूल्य लगभग 1 लाख रुपए है। यह कार्रवाई वनमंडलाधिकारी महासमुंद पंकज राजपूत (भावसे) के मार्गदर्शन एवं अब्दुल वाहिद खान उप वनमंडलाधिकारी के निर्देशन में परिक्षेत्राधिकारी महासमुंद तोषराम सिन्हा के नेतृत्व में परिक्षेत्र सहायक लखिया माण्डले, सीएफओ जगतुराम ठाकुर, सीएफओ मुन्नालाल त्रिपाठी एवं बीएफओ बाजन सिंह डड़सेना, देवकुमार ध्रुव, उपेंद्र सिदार, रूपा चतुर्वेदी, चम्पेश्वर साहू, दिलीप यादव एवं पुलिस विभाग के आरक्षक द्वारा की गई।

### निर्वाचन आयोग ने एग्जिट पोल परिणाम का मीडिया में प्रकाशन प्रचार-प्रसार किया प्रतिबंधित

**महासमुंद।** भारत निर्वाचन आयोग ने 7 नवंबर 2023 को पूर्वान्ह 7 बजे से लेकर 30 नवंबर 2023 अपरान्ह 6.30 बजे तक किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन, प्रचार व किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। भारत निर्वाचन आयोग ने अधिसूचना प्रकाशित की है, जिसमें लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 क में निर्देश दिया है कि कोई भी व्यक्ति कोई निर्गम मत (एग्जिट पोल) सर्वेक्षण नहीं करेगा और राज्य के किसी मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घंटों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल व किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

### राज्य स्तरीय वृहद जेल लोक अदालत में 4 प्रकरण निराकृत



**रायगढ़, 7 नवम्बर।** छ.ग.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार आज जिला जेल रायगढ़ में राज्य स्तरीय वृहद जेल लोक आदालत का आयोजन किया गया। इसमें बंदियों को लाभ प्राप्त हुआ। इस संबंध में जिलान्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ श्री अरविन्द कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में जिला जेल रायगढ़ में राज्य स्तरीय वृहद जेल लोक आदालत का आयोजन किया गया जिसमें कुल 06 बंदियो को चिन्हांकित किया गया था। जिसमें 4 बंदियों का प्रकरण निराकरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में श्री भास्कर मिश्र, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रायगढ़, श्री गुलापनराम यादव, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रायगढ़, सचिव श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव सिन्हा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़, सहायक जेल अधीक्षक एस.पी.कुर्रे एवं कर्मचारी गण तथा पैराली गलवालिंटियर उपस्थित हुये।

## वृंदावन विद्यालय में प्रदर्शनी लगाकर बच्चों को संस्कारों की जानकारी दी




**महासमुंद।** वृंदावन विद्यालय में सोमवार को ताम्रकर साहू द्वारा विद्यालय प्रांगण में बाल संस्कार की प्रदर्शनी लगाई गई, जिनका उद्देश्य संस्कार व शिष्टाचार के नियमों से बच्चों को अवगत कराकर धर्म, नीति व नियम के अनुरूप कार्य कर संस्कारवान बनने के लिए प्रेरित करना था।कार्यक्रम कक्षा छठवी से दसवीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया था। बाल संस्कार प्रदर्शनी में ताम्रकर साहू द्वारा समस्त विद्यार्थियों को एक आदर्श जीवन जीने के लिए दिशा निर्देश देते हुए विभिन्न दैनिक जीवन के क्रियाकलाप सूर्य नमस्कार, योग, स्नान, प्रार्थना, ताम्बे के लोटे में अर्ध देना, गुरु व मातृ-पिता के प्रणाम से आयु, यश व विद्या में वृद्धि, नमस्कार करने का महत्व प्राणायाम का महत्व, गौ माता की सेवा, ईश्वर के नाम का जाप, सोने व चांदी के आभूषण धारण करने का महत्व, तुलसी के पौधे का महत्व, पूजनीय वृक्षों का महत्व इत्यादि तथ्यों पर विस्तृत रूप से चर्चा कर जीवन में धर्म, नीति व नियम के अनुरूप कार्यकर अपने जीवन को सार्थक व सफल बनाने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में संस्था प्रमुख एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन, उप प्राचार्य इंदु मिश्रा व विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं आश ज्योति डोरा, उर्मिला अग्निहोत्री, विजय लक्ष्मी राव, अमृता चंद्राकर, रेखा साहू, काजल ठाकुर, जागृति साहू, संध्या सोना, दामिनी वैष्णव, सुषमा साहू, वर्षा चंद्राकर, साधना राठौर, एम रजनी, ललिता सिंग राजपूत, भूमिका वर्मा, मोनिषा बावनकर, शुभ्रा अग्रवाल, सविता ढीढी, नंदिनी साहू, अंशु यादव, चन्दना सोनी, नीरू मांझी, सुमन साहू, जाबिर खान एवं लक्ष्मी नारायण साहू का योगदान रहा।

### प्रधानपाठक बीएम सिदार का दो वेतनवृद्धि रोकेने का कलेक्टर ने जारी किया आदेश

रायगढ़, 7 नवम्बर। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने शासकीय माध्यमिक शाला बोकरामुड़ा विकासखण्ड, रायगढ़ के प्रधान पाठक श्री बेनी माधव सिदार पर लगाये गये आरोप को प्रमाणित पाये जाने पर दो वार्षिक वेतनवृद्धि संचयी प्रभाव से रोके जाने का दण्डादेश पारित करने हेतु आदेश जारी किया है। साथ ही स्पष्ट किया है कि निलंबन अवधि में वेतन को छोड़कर अन्य समस्त प्रयोजन हेतु कर्तव्य अवधि मान्य किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रधान पाठक बेनी माधव सिदार के द्वारा बीते लोकसभा निर्वाचन-2019 के दौरान धरमजयगढ़ में पीठासीन अधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया था। लेकिन श्री सिदार द्वारा अपने पदीय दायित्व के दौरान नशे की हालत में अपने ड्यूटी पर उपस्थित पाये गए। जहां उनका डॉक्टरी परीक्षण कराया जाने पर शराब सेवन करना प्रमाणित पाया गया। जिसके उपरांत छ.ग.सिविल सेवा नियम के तहत उन्हें निलंबित किया गया था। श्री सिदार को दिनांक 2 दिसम्बर 2022 को निलंबन से बहाल करते हुए प्रधान पाठक शास.माध्यमिक शाला बोकरामुड़ा के पद पर यथावत पदस्थ किया गया है।

## कलेक्टर ने कोड़ातराई में धान तौलाई कर खरीदी का किया शुभारंभ





**रायगढ़, 7 नवम्बर।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने कोड़ातराई धान उपार्जन केंद्र में विधिवत पूजा-अर्चना करते हुए धान तौलाई कर धान खरीदी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर एसएसपी श्री सदानंद कुमार, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव, सहायक कलेक्टर श्री युवराज मरमट उपस्थित रहें। कोड़ातराई निवासी किसान श्री चम्पत राम पटेल धान विक्रय के लिए उपार्जन केन्द्र पहुंचे थे। उन्होंने बताया की 80 क्विंटल धान का टोकन कटवाया हैं, कलेक्टर श्री गोयल ने सर्वप्रथम धान विक्रय के लिए पहुंचे श्री चंपत राम पटेल को शाल व श्रीफल प्रदान कर सम्मानित करते हुए, खेती-किसानी के संबंध में चर्चा भी की। कलेक्टर श्री गोयल ने उपार्जन केन्द्र में सभी किसानों के लिए बैठक, पेयजल के सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए, धान संग्रहण हेतु बारदानों की स्थिति की जानकारी ली। खाद्य अधिकारी ने बताया की वर्तमान में पीडीएस एवं नये मिलाकर पर्याप्त बरदाने उपलब्ध हैं। कलेक्टर श्री गोयल ने समिति में पंजीकृत किसानों की जानकारी लेते हुए नए किसानों की भी जानकारी ली।खाद्य अधिकारी श्री चितरंजन सिंह ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के लिए जिले के पंजीकृत किसानों से धान खरीदी शुरू हो गयी है। धान विक्रय के लिए जिले में 83 हजार 61 किसानों का सोसायटी मॉड्यूल में पंजीयन हुआ है, जिसमें 9 हजार 109 नये किसान है। जिले में धान खरीदी के लिए 105 उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं। इस अवसर पर खाद्य अधिकारी श्री चितरंजन सिंह, अपेक्स बैंक नोडल अधिकारी श्री पंकज सोढ़ी, श्री आजाद, खाद्य निरीक्षक श्री अंजनी कुमार राव, समिति प्रबंधक श्री मनोज गुप्ता उपस्थित रहे।

## 50 हजार से अधिक राशि लेकर चलने व वस्तुओं के परिवहन के दौरान दस्तावेज अवश्य रखें

**रायगढ़, 7 नवम्बर।** विधानसभा आम निर्वाचन.2023 हेतु आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गठित उड़न दस्ता दलों एवं स्थैतिक निगरानी दलों द्वारा नगद राशिए मतदाताओं को बांटने हेतु, प्रलोभन देने वाली सामग्रियों के परिवहन पर निगरानी रखी जा रही है। 50 हजार से अधिक नगद धनराशि किसी व्यक्ति के द्वारा वाहन में पाये जाने पर उससे संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक है। कोई कारण/दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने और राजनीतिक प्रक्रिया को प्रभावित करने की आशंका होने पर उससे फ्लाइंग स्क्वाड, एसएसटी, पुलिस अधिकारियों द्वारा जप्त किया जा सकता है। उपरोक्त कार्य में नियुक्त दलों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है कि वह आम जनता से शिष्ट व्यवहार करें। साथ ही आम जनताए व्यवसायी गण से अपील की जाती है कि आदर्श आचार संहिता के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए अनावश्यक बड़ी धन नगद राशि या धनराशि परिवहन करने से बचे।

**50 हजार से अधिक लेकर चलने पर साथ रखें ये दस्तावेज-**यदि 50 हजार से अधिक राशि के साथ यात्रा कर रहे है तो उसके संबंध में सुसंगत दस्तावेज जैसे कि बैंक पास बुकए बैंक खाता विवरण, आहरण रसीद व रजिस्टर इत्यादि साथ रखने सलाह दी जाती है। इसी प्रकार वस्तुओं के परिवहन के दौरान जीएसटी इनवॉइस एवं ई-वे बिल व साथ रखे जाने की सलाह दी जाती है। जप्त नगद राशि व सामग्री इत्यादि को मुक्त करने के संबंध में अपील प्रस्तुति व निराकरण के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित भारत निर्वाचन आयोग की उपरोक्त गाईड लाईन अनुसार आदर्श आचरण संहिता लागू रहने के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल द्वारा उडनदस्ता दलों, स्थैतिक निगरानी दलों या पुलिस अधिकारियों द्वारा जप्त नगद राशि/सामग्री इत्यादि को नियमानुसार मुक्त करने के संबंध में अपील प्रस्तुति/निराकरण हेतु उच्च स्तरीय समिति गठित की गई है।

## समाचार संक्षेप

### पटाखा दुकानों को आग से बचाने के लिए एडवाइजरी जारी

**रायगढ़, 7 नवम्बर।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा जिले में संचालित सभी स्थायी एवं अस्थायी पटाखा दुकानों में आग से बचाव के संबंध में एडवाइजरी जारी किया गया है। जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि आतिशबाजी अज्वलनशील सामग्री से बने शेड/भवन में रखी जाएगी, जो कि बंद और सुरक्षित होगी जिससे कि उसमें अप्राधिकृत व्यक्तियों की पहुंच को रोका जा सके। कोई भी तेल से जलने वाली लैंप, गैस लैंप या खुली रोशनी शेड में या रोशनी करने के प्रयोजन के लिए शेड के सुरक्षा दूरी के भीतर प्रयोग नहीं की जाएगी। यदि कोई विद्युत रोशनी प्रयुक्त होती है तो उसे दीवार या छत पर स्थिर किया जाएगा और उसे नम्य तार द्वारा लटकाया नहीं जाएगा। अनुज्ञप्तिधारी और उनके कर्मचारी परिसर के भीतर आपातकाल के दौरान की जाने वाली प्रक्रियाओं से भलीभांति परिचित होंगे। किसी निरीक्षण या नमूना अधिकारी को अनुज्ञप्त परिसर पर सभी समयों पर पहुंच प्राप्त होगी और ऐसे अधिकारी को यह सुनिश्चित करने के लिए सभी सुविधाएं दी जाएगी कि सभी नियमों और अनुज्ञप्ति की शर्तो का सम्यकतः अनुपालन किया जा रहा है। यदि अनुज्ञापन प्राधिकारी अनुज्ञप्तिधारक को अनुज्ञत परिसरों या मशीनरी, टूल या उपकरण में ऐसी कोई मरम्मत या परिवर्धन या परिवर्तन करने या सिफारिशों को लागू करने को लिखित रूप में सूचित करता है जो ऐसे प्राधिकारी की राय में अप्रतिग्राहय जोखिम कर सकता है और जो परिसर के अंदर या बाहर या व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक है, अनुज्ञप्तिधारक सिफारिशों को निष्पादित करेगा और विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर अनुपालन रिपोर्ट ऐसे प्राधिकारी को देगा। अग्नि या विस्फोट द्वारा दुर्घटनाओं और विस्फोटकों की हानि, उसमें कमी या चोरी की रिपोर्ट निकटतम पुलिस स्टेशन और अनुज्ञापन प्राधिकारी को तुरंत दी जाएगी। अनुज्ञप्तिधारी रखने और दुकान से ब्रिकी के लिए प्राधिकृत विस्फोटक सूची में यथा उल्लिखित प्राधिकृत आतिशबाजी अनुज्ञत फैक्टरी या कंपनी से खरीदेगा। क्लोरेटयुक्त आतिशबाजी, रंग, स्टार माचिस अन्य प्रकार के आतिशबाजियों से ऐसे मध्यवर्ती विभाजक पदार्थ और कैरेटर ऐसे मध्यवर्ती स्थान अलग की जाएगी, साथ ही एक दूसरे संपर्क में आने से अग्नि या विस्फोट को प्रभावी रूप से रोका जाएगा। आतिशबाजी की सभी बिक्रियां शासन द्वारा निर्धारित परिसर में ही की जाएगी। कोई भी आतिशबाजी, जिसमें क्लोरेट अंतर्विष्ट है, सिवाय कागज कैप या एर्मोसेस या रंगीन माचिस या मुख्य नियंत्रक द्वारा अनुमोदित आतिशबाजी के परिसर में नहीं रखी जाएगी। अनुज्ञप्तिधारी स्टाक में और बिक्री किए गए सभी विस्फोटकों का निर्धारित प्रारूप में अभिलेख और लेखा रखेगा जैसा कि अनुज्ञापन प्राधिकारी उसे समय-समय पर निर्देश दे और इन नियमों के अधीन प्राधिकृत किसी अधिकारी को, जब ऐसा अधिकारी उसे ऐसा करने के लिए कहे, अपना स्टॉक और अपनी पुस्तकें और अभिलेख प्रदर्शित करेगा। कोई भी आतिशबाजी जो अधिक ध्वनि उत्पन्न करने में समक्ष हो, परिसर से भंडारण या परिसर से बिक्री के लिए नहीं रखी जाएगी। अनुज्ञप्ति केवल नामांकित धारक हेतु वैध होगा। शासन द्वारा निर्धारित स्थल पर फटाखों के रखने/विक्रय की अनुमति होगी। सुरक्षा की संपूर्ण जवाबदारी अनुज्ञप्तिधारी की होगी। विक्रय स्थल पर अग्निशमन यंत्र रखना अनिवार्य होगा। विदेशी मूल के आतिशबाजी की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इसी तरह अस्थायी दुकानों में 6 बजे से रात 10 बजे तक ही पटाखों का विक्रय किया जा सकेगा। रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक पटाखों का विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। लायसेंसधारियों को दुकानों में जारी लायसेंस का प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा।

कलेक्टर श्री गोयल के निर्देश पर फटाखा विक्रेताओं के लिए जारी हुए विशेष गाईड लाईन्स लायसेंसधारियों को विधानसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए आदर्श आचार संहिता का पालन करना अनिवार्य होगा। लायसेंसधारियों को केवल हरित पटाखों का विक्रय एवं उपयोग की अनुमति होगी। सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। लायसेंसधारियों को पटाखा विक्रय के लिए कपड़े अथवा जूट से बने थैले, इकोफ्रैण्डली एवं बायोडिग्रेडेबल का ही उपयोग करना होगा। सुरक्षा की संपूर्ण जवाबदारी अनुज्ञप्तिधारी की होगी। विक्रय स्थल पर प्रत्येक दुकान में आग से बचाव के लिए न्यूनतम 5 किलो ग्राम पोर्टबल फायर एक्सटिंगविशर एवं दो बाल्टी रेत तथा दो बाल्टी पानी का इंतजाम कर रखना अनिवार्य होगा। पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से सभी लायसेंसधारियों से अपील/अपेक्षा की जाती है कि तहसील/नगर क्षेत्र में स्थित शासकीय आश्रम व छात्रावास परिसर में जो कि पूर्णतः बाउण्ड्रीवाल युक्त हो, में न्यूनतम 10 पेड़ (प्रजातिवार 2-2 पेड़, चार फीट तक या उससे अधिक बड़े)लगाने होंगे। जिसे मेटल अथवा लोहे की गार्ड से संरक्षित भी करना होगा। साथ ही निम्न प्रजातियों जैसे आम, मुनगा, नीम, जामुन, पपीता, इमली, अमरूद एवं कटहल के पेड़-पौधे लगाये जा सकते है।

### सामान्य प्रेक्षक, प्रत्याशियों की उपस्थिति में ईवीएम कमीशनिंग कार्य प्रारंभ



**रायगढ़, 7 नवम्बर।** भारत निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ द्वारा निर्धारित समय-सारणी अनुसार आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के मार्गदर्शन में सामान्य प्रेक्षक डॉ.रूपांजलि कार्तिक एवं विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों व अभिकर्तागण की उपस्थिति में ईवीएम, वीवीपैट मशीनों की कमीशनिंग का कार्य प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर एसएसपी श्री सदानंद कुमार, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय, सहायक कलेक्टर श्री युवराज मरमट उपस्थित रहें।

सामान्य प्रेक्षक, कलेक्टर, प्रत्याशियों एवं उनके अभिकर्ता की उपस्थिति में स्ट्रॉन्ग रूम का लॉक खोला गया। तत्पश्चात रायगढ़ जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र लैलूंगा, रायगढ़ एवं खरसिया में निर्वाचन हेतु मतदान केन्द्र के लिए चयनित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम/वीवीपैट) का राजनीतिक प्रत्याशियों एवं प्रतिनिधियों की उपस्थिति में केआईटी में तथा विधानसभा क्षेत्र धरमजयगढ़ में निर्वाचन के चयनित मशीनों का जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान धरमजयगढ़ में कमीशनिंग किया जा रहा हैं। कमीशनिंग कार्य पूर्ण होने के पश्चात रैंडम आधार पर चयनित प्रत्येक विधानसभा के 5 प्रतिशत मशीनों का मॉक पोल हेतु एक हजार वोटिंग कर परीक्षण किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने सामग्रियों की जानकारी लेते हुए, सुरक्षा, निर्धारित रूट के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव पाण्डेय ने बताया कि सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों को कमीशनिंग कार्य प्रारंभ होने की सूचना दी गयी है। अभ्यर्थी के स्थान पर उनके निर्वाचन अभिकर्ता भी उपस्थित रह सकते हैं। कमीशनिंग हॉल में सीसी टीवी कैमरा स्थापित किए गए हैं और प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी की जा रही है। सभी अभ्यर्थी अथवा उनके निर्वाचन अभिकर्ता ईवीएम/वीवीपैट की कमीशनिंग कार्य के दौरान उपस्थित रह सकते हैं।

विधानसभा निर्वाचन 2023: होम वोटिंग कराने मतदान दलों के प्रथम दल को कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# जिले के 238 बुजुर्ग व 51 दिव्यांगजनों के घर जाकर कराएंगे मतदान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 7 नवंबर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत कोई भी मतदाता मतदान में अपनी भागीदारी से ना छूटे, इसके लिए घर में मतदान (होम वोटिंग) का विकल्प दिया गया है। इसके अंतर्गत 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वृद्धजन तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को मतदान करने हेतु डाक मतपत्र की वैकल्पिक सुविधा प्रदान की गई है। इसके अंतर्गत जिले में होम वोटिंग कराने मतदान दल का पहला भ्रमण 7 नवम्बर 2023 को होगा। पहले भ्रमण में छूटे हुए मतदाताओं के लिए 8 नवम्बर को द्वितीय भ्रमण होगा। ज़िले के 289 मतदाताओं ने फार्म 12 घ भरकर डाक मतपत्र के विकल्प का चयन कर होम वोटिंग की सुविधा ली है जिसमे 80 वर्ष से अधिक आयु के 238 एवं 51 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वृद्धजन तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को प्रोत्साहित करने होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की है।जिले में बूथ लेवल अधिकारियों से सर्वे कराया गया है। सर्वे में 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं, 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं से आवेदन फॉर्म 12 घ में प्राप्त किए गए हैं। डाक मतपत्र के विकल्प का चयन करने पर रिटर्निंग अधिकारी द्वारा सम्बंधित मतदाता को डाक मतपत्र जारी करते हुए इन श्रेणी के मतदाताओं के लिए विशेष मतदान दल का गठन किया गया है। मतदान दल द्वारा ऐसे मतदाताओं के घर जाकर पूरी गोपनीयता के साथ डाक मतपत्र के माध्यम से उनका मतदान कराया जाएगा। विशेष गठित मतदान दल द्वारा मतदाता को उनके घर में मतदान कराने की तिथि के बारे में पूर्व में ही सूचित किया गया है जिससे मतदाता मतदान हेतु घर में उपस्थित रहे। यदि किसी कारणवश मतदाता उस दिन अपने घर में उपलब्ध नहीं है, तो अगले दिन सूचना देकर मतदान दल द्वारा मतदाता का मत प्राप्त करने का प्रयास किया जाएगा। मतदान दलों के ऐसे प्रत्येक दौरे की जानकारी सभी अभ्यर्थियों को प्रदान कर दी गई है जिससे कि वे स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि व बूथ लेवल एजेंट के माध्यम से पूरी प्रक्रिया का अवलोकन कर सकेंगे।

बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत में 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु वर्ग के 49 तथा 10 दिव्यांग मतदाता कुल 59 मतदाताओं द्वारा होम वोटिंग किया जाएगा। कसडोल विधानसभा में 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु वर्ग के 76 तथा 19 दिव्यांग मतदाता कुल कुल 95 मतदाताओं द्वारा होम वोटिंग किया जाएगा। बलौदाबाजार विधानसभा में 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु वर्ग के 61 तथा 8 दिव्यांग मतदाता कुल 69 मतदाताओं द्वारा होम वोटिंग किया जाएगा।

## एक नजर

### कोनारी में शराब की अवैध बिक्री करने वाले को पुलिस ने भेजा रिमांड पर

**बलौदाबाजार, 7 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा द्वारा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिला में शराब जुआ, सट्टा के अवैध कारोबार में संलिप्त आपराधिक आचरण वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही करने हेतु विशेष निर्देश दिया गया है जिसके परिपालन में अति0पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी केसर पराग के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में 4 नवम्बर को मुखबिर लगाकर ग्राम कोनारी में रेड कार्यवाही कर आरोपीयां पुन्नी बाई घृतलहरे के कब्जे उसके घर परछी से एक प्लास्टिक झिल्ली में 4 लीटर व एक प्लास्टिक डिब्बा में 2 लीटर कुल 6 लीटर कीमती ?1200 महुआ शराब बरामद कर जप्त किया गया एवं आरोपीयां के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कार्रवाई कर मान. न्यायालय पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। शराब के अवैध कोचियों के विरुद्ध लवन पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। उक्त कार्यवाही में प्र.आर. भारत भूषण पठारी आरक्षक सूरज बंजारे केशव भट्ट महिला आरक्षक सोनम भट्ट का विशेष योगदान रहा।

### 35 नग देशी प्लेन शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार




**बलौदाबाजार, 7 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध कार्यवाही एवं त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार तिवारी के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के अपराध क्र 877/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही किया गया। मामला इस प्रकार है कि 5 नवम्बर को मुखबीर की सूचना मिलने पर आरोपी विशाल नेताम ऊर्फभांचा पिता शेखर नेताम उम्र 23 वर्ष साकिन आजाद चौक बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार से अवैध शराब 35 पाव देशी प्लेन शराब किमती 3500/रूपये को जप्त कर आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर आब. एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है तथा न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में प्रआर अंजोर मांझी आरक्षक मोहन जांगडे, मेघनाथ साहु, देव निराला, मोहन मेश्राम, रमाकांत भरद्वाज का विशेष योगदान रहा।

### राजनीतिक विज्ञापनों का कराना होगा पूर्व प्रमाणीकरण

**कोरबा, 7 नवंबर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा आम निर्वाचन-2023 में इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के साथ ही प्रिंट मीडिया में भ्रामक प्रकृति के विज्ञापनों के प्रकाशन को रोकने के संबंध में व्यापक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत मतदान दिवस और उसके एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणीकरण आवश्यक है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में जारी परिपत्र के अनुसार छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन के लिए मतदान दिवस यानि दूसरे चरण के मतदान के एक दिन पहले एवं मतदान दिवस यानि 16 नवम्बर और 17 नवंबर को प्रिंट मीडिया में राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन के पूर्व जिला अथवा राज्य स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति से विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन अनिवार्य किया गया है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य स्तरीय तथा जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति को प्रमाणन हेतु प्राप्त आवेदन पर त्वरित निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं।

स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता महारैली में 6 हजार से अधिक बच्चे हुए शामिल

# आर्ब्जवर ने किया बच्चों का उत्साहवर्धन खुमरी पहनाकर किया आर्ब्जवर का स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 7 नवंबर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार के निर्देश पर शत प्रतिशत मतदान हेतु विकासखण्ड मुख्यालय पलारी एवं कसडोल में मतदाता जागरूकता महा रैली एवं संकल्प सभा का आयोजन किया गया। जिसमें पलारी में 5 हजार एवं कसडोल में लगभग 1 हजार से अधिक स्कूली एवं कॉलेज बच्चें, महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं, अधिकारी, कर्मचारी शामिल हुए। उक्त कार्यक्रम को आकर्षक एवं व्यापक जागरूकता संदेश देने के लिए वृहद रंगोली एवं नुक्कड़, नाटक का भी आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक की प्रस्तति स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल पलारी के बच्चों द्वारा किया गया। पलारी नगर में उक्त रैली शहर के मुख्य चौक चौराहों से होते हुए स्वामी आत्मानंद स्कूल में समापन किया गया। इसी तरह कसडोल में भी रैली निकालकर शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर कसडोल विधानसभा के आर्ब्जवर डॉ राजेन्द्र भारूड़ भी उपस्थित रहे। उन्होनें बच्चों का उत्साहवर्धन किया साथ ही आर्ब्जवर डॉ राजेन्द्र भारूड का स्थानीय परम्पराओं के तहत खुमरी पहनाकर उनका आत्मीय स्वागत किया गया।स्वीप के नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन के नेत्त्व में उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। रैली में बच्चों के द्वारा हम सब ने ठाना है निष्पक्ष मतदान कराना है', दामाखेड़ा से सोनाखान, करेंगें शत प्रतिशत मतदान जैसे अन्य नारों का उपयोग करते हुए शत प्रतिशत मतदान का संदेश दिया गया। इस दौरान सहायक परियोजना अधिकारी के.के. साहू, उपसंचालक पंचायत सुरेश कंवर, जनपद पंचायत सीईओ हिमांशु वर्मा, रोहित नायक, लायजनिंग अधिकारी, एनआरएलएम से ज्योति पटेल, प्रतिभा टोण्डरे, सावित्री वर्मा, रूखमणी कोसरिया, योगिता कोसरिया सहित अमेरा, मुझपार, वटगन, रोहांसी कलसटर के सदस्य गण एवं पंचायत विभाग विभिन्न अधिकारी-कर्मचारी गण बड़ी सँख्या में उपस्थित रहे। गौरतलब है कि जिले के विभिन्न गांवों जिसमें विशेष रूप से 70 प्रतिशत से कम मतदान केंद्रों स्वीप की गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम ऐसे ग्रामों की सहभागिता अधिक रही।




### स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भी किया लोगों को जागरूक

बलौदाबाजार नगर के गार्डन चौक में स्वास्थ्य विभाग के टीम एवं स्कूल शिक्षा विभाग के बच्चों सहयोग से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सुवा नृत्य के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। इस दौरान डॉ राजेन्द्र भारूड, जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन, डीपीएम अनुपमा तिवारी, पं.चक्रपाणी शुक्ल स्कूल प्राचार्य सिंह, पंचायत, शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

होम वोटिंग



बलौदाबाजार, 7 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कसडोल विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंनगाव निवासी दिव्यांग अमरदास कोसले ने पहली बार घर से किया अपने पोस्टल बैलेट के जरिए मतदान।

## नेहरूनगर व कैलाशनगर में भाजपा प्रत्याशी ने घर-घर किया जनसंपर्क

**कोरबा, 7 नवंबर।** विधानसभा क्षेत्र कोरबा के भाजपा प्रत्याशी लखनलाल देवांगन ने भाजपा बालको मंडल के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्र. 40 नेहरूनगर, वार्ड क्र. 39 कैलाश नगर में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान श्री देवांगन ने वार्डवासियों से कहा कि कांग्रेस के शहर विधायक ने कोरबा के विकास के लिए कोई कार्य नहीं किया है। कांग्रेस विधायक की निष्क्रियता और उपेक्षा की बदौलत क्षेत्र के लोग आए दिन जाम में फंस रहे हैं। बालकोनगर के साथ ही शहर के लोग भी राखड़ की समस्या से परेशान हैं। इससे राहत दिलाने की दिशा में शहर विधायक व कांग्रेस के महापौर ने कोई कार्य नहीं किया है। सभी वार्डो में सडक़, पेयजल, बिजली सहित साफ-सफाई नहीं होने की शिकायतें मिल रही हैं। यह सब इसलिए हो रहा है क्योंकि पिछले 10 साल से कांग्रेस के महापौर व 15 साल के विधायक ने घोर उपेक्षा किया है। वार्ड क्रमांक 39 कैलाशनगर में वार्डवासियों ने प्रत्याशी लखनलाल देवांगन को बताया कि पूरे बालको क्षेत्र की सडक़ों की हालत जर्जर है। कहीं भी जाने-आने में दुर्घटना का खतरा बना रहता है क्योंकि भारी वाहनों के कारण समस्या बनी हुई है। इसी तरह वार्ड के कई इलाके में साफ-सफाई भी नियमित नहीं हो रही है। बिजली बिल की समस्या से भी क्षेत्र के लोग परेशान हैं।

## समाचार संक्षेप

### ननकीराम कंवर को भाजपा के कमल छाप का बटन दबाकर विजयी बनाने का संकल्प

**कोरबा, 7 नवंबर।** भारतीय जनता पार्टी विधान सभा क्षेत्र रामपुर के भाजपा प्रत्याशी ननकीराम कंवर के पक्ष में सोमवार को मडवारानी में विनोद कुमार साहू पूर्व अध्यक्ष भाजपा मंडल बरपाली (सह संयोजक उरगा मंडल) के अगुवाई में कार्य कर्ताओं के सम्मान हेतु बैठक हुई, जिसमे विधान सभा प्रत्याशी के अभिकर्ता वरिष्ठ नेता श्री भोजराम रजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य, बरपली मंडल के प्रभारी श्री संदीप कंवर, किसान मोर्चा के जिला महामंत्री मणिशंकर, मयूर पारिक, भुवन कंवर, वैरिस्ट युवा नेता डोरीलाल साहू, ढीटोरी, जय साहू, मड़वारानी, भारत साहू उप सरपंच बिरतराई, हरनारायण कंवर, नरई डीह प्यारे लाल, छोटेलाल, बाबू लाल, पिचिग, परदेशी, लेखराम, छबीलाल, महिपाल, पुस्पेंदर, मुकेश, परमेश्वर,कमल सिंह,संतलाल पहाड़ गांव समर सिंह मदन सिंह, लेखन पटेल, कृष्ण गोस्वामी, छोटेलाल कंवर, मोहनलाल, अक्ति विस्वकर्मा बिरतराई जीवन लाल, लक्की, यिशुकुमार, लाकेश्वर साहू,, लखन साहू मड़वारानी सुरेश साहू उप सरपंच पुरेना, सुंदर साहू, नूतन साहू मड़वा रानी, छेदी लाल कंवर खरहरी, राजपूत, जेठू सिंह कंवर पुरेना भूतपूर्व सरपंच, मोहन लाल कश्यप जनक राम कस्यप, कुरूडीह, सीताराम पचपेड़ी, प्रेम सिंह, अजोर सिंह भगाऊ, नोहर से, लोचन, संतोष, योहित बरेठ, परमेश्वर साहू भेलवागुड़ी, रामेश्वर पटेल, गनियारी प्रेमलाल, बेदप्रकाश, शीतलाधोलाल, घासीराम लाल, डहरू राम, भक्त प्रह्लाद, गणेश मैवार औराई विदेशी राम, अगली राम चमरू, गणेश, पिंटू, मुन्ना, फिरगी सिंह कंवर महोरा प्रदीप कंवर, भागीरथी कंवर, हरदयाल, पूर्णिमा अनसुइया मंटोरा बाई मंगली बाई,गायत्री, संतोषी, जमुना बाई, शिव कुमारी, चांपा बाई, पद्मनी, जर्वे राज कुमारी, कांति बाई, उर्मिला बाई, मैदानी बाई, शिवमति, नोहर बाई, भुनेश्वरी बाई, सूरज कुवर, बनवारीलाल जर्व, मुकेश कुमार चिकनीपाली, अंक सिंह, जागू नवापारा, प्यारेलाल पुरेना, बाबूलाल पुरेना, सहित अनेक गांव के कार्यकर्त्ता गण उपस्थित रहे। सभी ने भाजपा के कमल छाप में बटन दबाकर विजयी बनाने का संकल्प लिया।

### विज्ञापन आदि की अनुमति के लिए एमसीएमसी के कक्ष क्रमांक-20 में किया जा सकता है संपर्क

**कोरबा, 7 नवंबर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत मीडिया अनुप्रमाणन एवं मीडिया अनुवीक्षण समिति गठित की गई है। निर्वाचन संबंधी विज्ञापन, पाम्फ्लेट की अनुमति के संबंध में आवश्यक जानकारी के लिए वाणिज्य कर कार्यालय (जीएसटी भवन) कक्ष क्रमांक 20 में श्री अजित तिर्की मोबाइल नंबर 999323942, श्री सुरेश कंवर मोबाइल नंबर 9131558605 में संपर्क किया जा सकता है। इसी तरह जिले के मीडिया प्रतिनिधि निर्वाचन संबंधी जानकारी के लिए मीडिया सेंटर में सुश्री उष्मा घोष मोबाइल नंबर 9810493820 तथा श्री मनोज कुमार रजक 9329942755 के मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

### मानव श्रृंखला, रैली, नुक्कड़ नाटक, दीवार लेखन व निबंध प्रतियोगिता से मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

**कोरबा, 7 नवंबर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सौरभ कुमार के निर्देशन एवं जिला स्वीप नोडल व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री विश्वदीप के मार्गदर्शन में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मानव श्रृंखला, रैली, नुक्कड़ नाटक, दीवार लेखन व निबंध प्रतियोगिता जैसे विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर सतत् रूप से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में आयुष विभाग द्वारा करतला विकासखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केराकछार में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। आयुष विभाग के अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को मतदान की महत्ता को बताते हुए लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना योगदान देने हेतु प्रोत्साहित किया गया। साथ ही सभी को मतदान तिथि को अनिवार्य मतदान हेतु संकल्पित किया।

**रंगोली के माध्यम से मतदाताओं को किया गया जागरूक:** इसी प्रकार प्राचार्य शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा के मार्गदर्शन में आज विद्यालय के स्वीप इकाई द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में स्कूली छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया एवं आकर्षक रंगोली के माध्यम से मतदाताओं को विधानसभा निर्वाचन 2023 में शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### एसईसीएल 15 ब्लॉक में 6 माह पूर्व सड़क बन चुकी है फिर आचार संहिता में टेंडर क्यों:सिन्हा

**कोरबा, 7 नवंबर।** सामाजिक कार्यकर्ता व पत्रकार विनोद सिन्हा ने जारी एक बयान में बताया कि पंप हाउस व 15 ब्लॉक मे कोरबा विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी जय सिंह अग्रवाल के पक्ष में कांग्रेस द्वारा समाचार पत्रों में जारी एसईसीएल कॉलोनी पंप हाउस व 15 ब्लॉक में एसईसीएल कर्मचारियों की आवासीय कॉलोनी में सड़क जर्जर होने पर एसईसीएल कोरबा द्वारा 24 नवंबर 2023 को टेंडर खोले जाने की बात कही गई है इसका श्रेय कांग्रेस प्रत्याशी जय सिंह अग्रवाल द्वारा ली जा रही है जबकि प्रदेश में आचार संहिता लगा हुआ है ऐसी स्थिति में चुनाव पूर्व टेंडर या सड़क बनवाने की घोषणा करना मतदाताओं को प्रभावित कर रहा है। सिन्हा ने आगे बताया कि कोरबा क्षेत्र के विधायक व राजस्व मंत्री 3 जुलाई को एसईसीएल कोरबा क्षेत्र के अधीन आने वाले कुछ कॉलोनीयो का निरीक्षण किया था जिसमें कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर सीएमडी एसईसीएल को एक पत्र लिखकर एसईसीएल कर्मचारियों को मूलभूत सुविधाएं सड़क व 60 वर्ष पूर्व कर्मचारी व अधिकारियों के लिए बने आवास जो जर्जर हो चुका है छत का प्लास्टर व छज्जा गिरने के कारण पुराने आवास को तोड़कर नए आवास बनाने की मांग किए थे जिस पर वर्तमान व पूर्व कर्मचारियों ने पुराने आवास को तोड़ने की मांग का विरोध करते हुए निवासरत को मालिकाना हक देने की मांग की गई थी । सीएमडी के नाम से लिखे गए पत्र के परिणाम स्वरूप 15 ब्लॉक व पंप हाउस की सड़के मरम्मत हेतु 91 लाख 23412 का टेंडर जारी किया गया है जबकि एसईसीएल 15 ब्लॉक आवासीय कॉलोनी में 6 माह पूर्व सड़कों का निर्माण हो चुका है फिर 15 ब्लॉक के नाम पर टेंडर क्यों स्थित? सिन्हा ने आगे बताया कि पंप हाउस में शासकीय प्राथमिक शाला से लेकर हाई स्कूल तक स्वयं के भवन में हिंदी माध्यम की पढ़ाई चल रही थी जिसे कांग्रेस वालों ने पंप हाउस की जनता से वादा किया था कि आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम की विद्यालय खोलने जा रहे हैं हिंदी मध्यम भी इसी विद्यालय में यथावत रहेगी हिंदी माध्यम की शासकीय पुस्तक भी छात्रों को घर-घर वितरण किया गया था लेकिन हिंदी माध्यम बंद कर दिया गया जबकि अभिभावकों द्वारा दो पालियो में लगाने की मांग जिला प्रशासन व छत्तीसगढ़ शासन से की गई थी लेकिन हिंदी मध्यम विद्यालय हमेशा के लिए बंद कर दिया गया।

विधानसभा निर्वाचन के लिए जिले में तैयारी पूरी

# 68 आदर्श, 35 संगवारी, युवा एवं दिव्यांगों के लिए 4-4 मतदान केन्द्र निर्धारित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 7 नवंबर।** जिले में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन के लिए तैयारियां प्रशासनिक स्तर पर लगभग पूरी की जा रही है। जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में कुल 880 मतदान केन्द्र है। इसके अतिरिक्त बिलाईगढ़ विधानसभा से संबंधित भी मतदान केन्द्र शामिल है। इन 880 मतदान केन्द्रों में 68 आदर्श, 35 संगवारी सहित युवा एवं दिव्यांगों के लिए 4-4 मतदान केंद्र बनाए गए है। खास बात यह है कि इन सभी 35 संगवारी मतदान केन्द्रों में पीठासीन से लेकर मतदान दल क्रमांक 1, 2 और 3 सभी महिला कर्मचारी होंगे। उक्त 35 मतदान केन्द्रों में बिलाईगढ़ 5, कसडोल 10, बलौदाबाजार 10 एवं भाटापारा के 10 मतदान केन्द्र शामिल है। जिसमें बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र-43 के अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक-1 बलौदा पूर्व माध्यमिक शाला भवन जुनाडीह, 21-शास. प्राथमिक शाला गिधौरी, 16-शास. हाई स्कूल टुण्डरा, 17-शास. कन्या प्राथमिक शाला टुण्डरा, 4-शास. प्राथमिक शाला भवन हसुवा शामिल है। इसी तरह कसडोल विधानसभा क्षेत्र-44 के अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक-23-शास. प्राथमिक शाला भवन बिटकुली, 25-पनगांव शास. प्राथमिक शाला भवन बम्हनपुरी, 138-अति.कक्ष मिनीमाता शा.कन्या पू.मा.शा. कसडोल, 139-डा.कन्हैयालाल शर्मा शा.आ.प्रा.शा. कसडोल, 152-स्वामी आत्मा.इ.मि.स्कूल लवन, 221-अति. प्रा.शा.भवन अमेरा,




260-पू.मा.कन्या शाला पलारी, 263-स्वामी आत्मा.उ.इ.मि. स्कूल पलारी, 308-पूर्व माध्यमिक शाला भवन कुसमी, 331-शास. प्राथमिक शाला भवन घोटिया शामिल है। इसी प्रकार बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र-45 के अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 56- शास. प्राथमिक शाला भवन कोकड़ी, 57-शास. प्राथमिक शाला भवन परसाभदेर, 70-शा.प्रा.शा.भवन रवान, 112-शास. पूर्व माध्यमिक शाला भवन लटुवा, 116-नवीन प्रा.शा.भवन बलौदाबाजार, 119-उ.मा.शा. भवन चक्रपाणी बलौदाबाजार, 121-सेठ रघुनाथ प्रसाद केसरवानी बेसिक शा.भवन बलौदाबाजार, 131-पंडित लक्ष्मी प्रसाद तिवारी क.उ.मा.शा. भवन बलौदाबाजार, 134-शास.प्रा.शा. गांधी चौक बलौदाबाजार, 139-शास. प्राथमिक शाला भवन सकरी शामिल है। इसी प्रकार भाटापारा विधानसभा क्षेत्र-46 के अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 29-स्वामी आत्मा.इ.मि.स्कूल सिमगा, 36-कन्या पू.मा.शा. टिहूपारा सिमगा, 101-शास. पूर्व माध्यमिक शाला भवन तरेंगा, 104-शास. प्राथमिक शाला भवन सेमरिया, 147-नगरपालिका कार्यालय भवन भाटापारा, 154-नगर भवन भाटापारा, 162-नगरपालिका कन्या उ.मा.शा.भवन भाटापारा, 171-न्यू हिन्दी प्रा.शा.भवन औरेठी, 199-शास. प्राथमिक शाला भवन धौराभाठा, 206-शास. प्राथमिक शाला भवन खपराडीह शामिल है। इसी प्रकार इन चारों विधानसभा क्षेत्र में 1-1 मतदान केन्द्र दिव्यांग और 1-1 मतदान केन्द्र युवा मतदान केन्द्र निर्धारित किया गया है। दिव्यांग मतदान केन्द्र में सभी अधिकारी-कर्मचारी दिव्यांग होंगे। इसी प्रकार युवा मतदान केन्द्रों में युवा अधिकारी ड्यूटी पर तैनात होंगे। जिसमें दिव्यांग कर्मियों द्वारा मतदान केन्द्र विधानसभा क्षेत्र बिलाईगढ-43 से मतदान केन्द्र क्रमांक-14 बालक प्राथमिक शाला टुण्डरा, कसडोल-44 से मतदान केन्द्र क्रमांक-154 स्वामी आत्मा. इ.मि.हा.से. स्कूल लवन, बलौदाबाजार-45 से मतदान केन्द्र क्रमांक-129 शा.उ.मा.शा. भवन चक्रपाणी बलौदाबाजार, भाटापारा-46 से मतदान केन्द्र क्रमांक-189 कन्या प्रा.शा.भवन भाटापारा शामिल है।

## एक नजर

### नौकरी दिलाने का झांसा देकर 76300 रुपए की महिला से ठगी

**रायपुर, 7 नवंबर।** स्टाप नर्स के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर 76300 रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया ऐश्वरी सिन्हा 29 वर्ष कुशालपुर सीतला कालोनी पुरानी बस्ती की रहने वाली है। बताया जाता है कि आरोपी अर्पित कुमार एक्का ने प्रार्थिया को जगदलपुर में स्टाप नर्स के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर 3 बार 76300 रुपए लेकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थिया की शिकायत पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### दुकान के बाहर खड़ी एक्टिवा पार

**रायपुर, 7 नवंबर।** कोटा रोड स्थित रयान किचन के पास खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दीपक कुमार मुंदड़ा 48 वर्ष कृष्णा लैण्ड मार्क कोटा का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एलएफ 4897 को कोटा रोड स्थित रयान किचन के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### महिला व देवर से मारपीट

**रायपुर, 7 नवंबर।** कैलाश नगर बीरगांव में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने महिला व उसके देवर से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर उरला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया गुंजन पटले 32 वर्ष कैलाश नगर बीरगांव का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी सुनील साव ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थिया व उसके देवर से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर उरला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### 18 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर, 7 नवंबर।** सेजबहार और नेवरा पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 6120 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार सेजबहार पुलिस ने यादवपारा तिराहा बोरियाकला में जुआ खेलते नीरज डहरिया 19 वर्ष, भानु साहू 34 वर्ष व रोहित कुमार साहू 34 वर्ष सहित कुल 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 4900 रुपए जब्त किया है। इसी तरह नेवरा पुलिस ने हथबंद तालाब के किनारे जुआ खेलते आरोपी लीलाधर निषाद सहित अन्य 5 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 1220 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### सरेआम शराब पीते 7 गिरफ्तार

**रायपुर, 7 नवंबर।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती पुलिस के टीम ने दर्री तालाब के पास भाठागांव में सरेआम शराब पीते आरोपी पोखराज साहू 34 वर्ष व रिंकु सोनी 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह आमानाका पुलिस ने आरोपी चिंटू सौंधिया 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं उरला पुलिस ने आरोपी तेज कुमार साहू 43 वर्ष व शुभम रघाटाटे 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह अभनपुर पुलिस ने आरोपी लेखन बघेल 22 वर्ष व अशोक कोसले 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### अवैध शराब बेचते तीन पकड़ाए

**रायपुर, 7 नवंबर।** विधानसभा और राजेन्द्र नगर पुलिस की टीम ने अवैध शराब बेचते तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 97 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा पुलिस के टीम ने डबरी तालाब के पास आमासिवनी में अवैध शराब के साथ आरोपी गंगाधर बघेल 40 वर्ष व शेखर नायक 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से कुल 67 पाव देशी शराब जब्त किया है। इसी तरह राजेन्द्र नगर पुलिस के टीम ने अर्चबृज के पास केनाल रोड में आरोपी रामदत्त सेन 60 वर्ष के पास से 30 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# प्रथम चरण के प्रत्याशी अब 70 विस क्षेत्रों में करेंगे प्रचार

## द्वितीय चरण के लिए चुनाव प्रचार तेज

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 7 नवम्बर।** प्रथम चरण के मतदान होने के पश्चात सभी नेताओं को अब 70 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले चुनाव में सक्रिय कर दिया जाएगा। आज रायपुर जिले की भाजपा प्रभारी अपराजिता ने चारों विस क्षेत्रों में चुनावी प्रचार की समीक्षा की है।

छत्तीसगढ़ में दो चरण में मतदान हो रहे हैं। प्रथम चरण में आज मतदान सम्पन्न हो गया है। अब यहां के प्रत्याशियों, चुनाव संचालकों तथा कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जगह प्रचार के लिए भेजा जाएगा। छग में दूसरे चरण का मतदान 17 नवम्बर को होगा। नेताओं की सक्रियता के कारण चुनाव प्रचार और गरमा जाएगा। भाजपा स्वागत समिति के प्रमुख के अनुसार आज भुवनेश्वर की सांसद अपराजिता ने रायपुर शहर के सभी सक्रिय कार्यकर्ताओं की बैठक ली है। उन्हें प्रचार को लेकर मार्गदर्शन दिया है। भाजपा व कांग्रेस के प्रत्याशी घर-घर चुनावी दस्तक दे रहे हैं।




**रमन की होगी सभाएं**

पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह की अनेक स्थानों पर चुनावी सभाएं रखी जा रही है। इस समय वे स्टार प्रचारक के रूप में सूचीबद्ध किए गए हैं। राज्य में इस समय भाजपा प्रत्याशी और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला है। कांग्रेस के अनेक वरिष्ठ नेता चुनाव प्रचार में आ रहे हैं वहीं भाजपा ने भी अपने शीर्ष नेताओं को प्रचार में लगा दिया है। प्रथम चरण के प्रत्याशी कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर, मोहन मरकाम, कवासी लखमा की भी ड्यूटी अलग-अलग क्षेत्रों में लगाई जाएगी।

पटाखा बाजार...




रायपुर 7 नवंबर। हिन्द स्पोर्टिंग मैदान में दीपावली पर्व के लिए पटाखा बाजार सज गया है।

# धान खरीदी में आई तेजी

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 7 नवम्बर।** मार्कफेड के माध्यम से धान की खरीदी की जा रही है। आज शासकीय कामकाज शुरू होने के बाद धान खरीदी पुनः शुरू हो गई है। दीपावली को देखते हुए किसान अपने धान को बेचकर तत्काल भुगतान ले रहे हैं जिससे बैंकों में भी भीड़ लगी हुई है।



मार्कफेड से मिली जानकारी के अनुसार चालू वित्तीय वर्ष में धान खरीदी का लक्ष्य 1.30 लाख मीट्रिक टन रखा गया है। इसके लिए 2785 धान खरीदी केंद्र बनाए गए हैं। अभी तक 50 हजार मीट्रिक टन धान खरीदी हुई है। इसके एवज में 240 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया गया है। मार्कफेड के अनुसार रायपुर-दुर्ग संभाग में ही धान आ रहा है जबकि सरगुजा व बस्तर संभाग में धान नहीं के बराबर आ रहा है।

विभिन्न राजनीतिक दलों ने धान का रेट प्रति क्विंटल बढ़ाने का वायदा किया है। इसके अलावा धान प्रति एकड़ 21 क्विंटल खरीदा जाएगा यह भी चुनावी वायदा किया है। इससे राज्य पर 20 हजार करोड़ का अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ेगा। विधानसभा चुनाव के कारण इस समय धान की खरीदी एक प्रमुख मुद्दा हो गया है। चुनाव के कारण बायामेट्रिक का डिवाइस नहीं मिलने से धान खरीदी पुराने सिस्टम पर की जा रही है।

## भाजपा का पहले चरण में 14 सीट जीतने के दावे पर बघेल बोले

# फेंकना है तो ज्यादा फेंकते, खुद की सीट नहीं बचा पा रहे रमन सिंह

**रायपुर,7 नवंबर।** छत्तीसगढ़ के पहले चरण में 14 सीट जीतने का दावा पूर्व सीएम रमन सिंह ने किया है. इस पर सीएम भूपेश बघेल ने कहा, फेंकना है तो ज्यादा फेक लेते हैं. उसकी खुद की सीट नहीं बच रही है. पिछले समय हम 17 सीट जीते थे, इस समय उससे भी ज्यादा जीतेंगे. शांतिपूर्वक मतदान हो रहे हैं. हमने ऋण माफी किया है, फिर से घोषणा किया है. 3200 रुपए धान और 200 यूनिट बिजली फ्री की घोषणा से लोग प्रभावित हैं, इसीलिए मतदान का प्रतिशत भी बढ़ेगा. सीएम बघेल ने कहा, फर्स्ट टाइम वोटर भी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे. हमारी सीट 18 या 19, धोखे से बीजेपी की एकात सीट आ सकती है. 15 साल मौका मिला था. आदिवासियों की जमीन छीनकर उद्योगपतियों को दे दिया. आदिवासियों को नक्सलाइट बताकर जेल के अंदर ठूस दिया, एनकाउंटर कर मार दिए. यह बात आदिवासी भूले नहीं हैं. हमारे कार्यकाल में आदिवासी निश्चिंत होकर घूम रहे हैं. नक्सली सिमट गए हैं. इनके राज में नक्सलियों का राज था. अब बस्तर भी शांति की ओर लौट रहा है.

नक्सली हमले को लेकर सीएम भूपेश बघेल ने कहा, पहले ज्यादा हमले होते थे, अभी कम हुआ है यह भी नहीं होना चाहिए. छूट मूट घटना से मतदान में फर्क नहीं पड़ेगा. अंदरूनी की इलाकों में पहली बार मतदान केंद्र बनने को लेकर सीएम ने कहा, निर्वाचन आयोग में अंदरूनी क्षेत्र में मतदान केंद्र बनाया है. यह सबसे बड़ा प्रमाण है कि हमने बस्तर में शांति बहाली की.

उद्धव ठाकरे के बीजेपी पर तंज को लेकर भूपेश बघेल ने कहा, जो भजापा में शामिल होते, मोदी वाशिंग पाउडर से धुलने के बाद सब दाग साफ हो जाते हैं. रमन सिंह के भूपेश बघेल पर इस्तीफा की मांग पर सीएम ने कहा, जो पैसे के साथ पकड़ाया है उसका रमन सिंह के साथ फोटो है. जो गाड़ी है वह भाजपा नेता के हैं. सीएम ने कहा, परसों तक कोई नहीं जानता था शुभम को, वह अचानक महादेव का मालिक बन गया. उसके पहले ईडी उसे अधिकारी बता रहे थे. ऐसा मालिक है जो अपने नौकर की शादी में ढाई सौ करोड़ रुपए खर्च करते हैं. रमन सिंह के कार्यकाल में दो अधिकारी थे वह ऐसे ही स्टोरी बनाते थे. यह पूरा प्लांटेड है. बीजेपी हार मान चुकी है, आखिरी दांव है. कहीं रमन सिंह का ही पैसा तो नहीं है. जिसके पास इतना पैसा होता है वह कोटे का चावल नहीं खाता. ऐसा तो नहीं की रमन सिंह का पैसा है. जांच करना चाहिए. ईडी ने अभी तक जांच क्यों नहीं कि वह पैसा किसका है. बिलासपुर में ईडी के छापे पर भूपेश बघेल ने कहा, बिलासपुर में फिर छापा मारे हैं. विधानसभा के बाद ईडी ब्रेक लेगी, उसके बाद फिर से आएंगे.

## मेरे क्षेत्रवासी ही मेरी ताकत है: अजीत कुकरेजा

**रायपुर।** उत्तर विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी अजीत कुकरेजा का जनसंपर्क निरंतर जारी है। जनसम्पर्क के दौरान अजीत को जनता का भरपूर सहयोग मिल रहा है। जगह जगह लोगो ने फूलों की माला पहनाकर अजीत का स्वागत किया और समर्थन देने की बात कही। आज अजीत कुकरेजा ने रायपुर उत्तर विधानसभा के त्रिमूर्ति नगर में धुंआधार जनसंपर्क किया। अजीत कुकरेजा ने कहा कि जनसम्पर्क के दौरान वहा के रहवासियों का अपार स्नेह मिला। देवतुल्य जनता के अपार स्नेह और आशीर्वाद पाकर मन अभिभूत है। मेरे क्षेत्र वासी ही मेरी ताकत है, बरसो से इनसे में मेरा गहरा नाता है अजीत ने कहा कि जनता को अच्छी सड़क, बिजली, पानी, सफाई, स्ट्रीट लाइट और भी अन्य सुविधाएं मुहैया कराना उनका पहला लक्ष्य है। आपको बता दें कि अजीत कुकरेजा का धुआंधार जनसम्पर्क जोरशोर से चल रहा है और इस दौरान उन्हें जनता का भरोसा समर्थन भी मिल रहा।

# दूसरे चरण के लिए ईवीएम व वीवीपैट की कमिशनिंग

## मतदान दलों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 7 नवम्बर।** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर अब रायपुर जिले के सभी विस क्षेत्रों में 17 नवम्बर को होने वाले मतदान के लिए आज अभ्यर्थियों के मतदान चिन्ह एवं नामों की कमिशनिंग का काम कर दिया गया है। आज मतदान दलों को भी विधिवत प्रशिक्षण दिया गया है। रायपुर जिले के सभी मतदान केंद्रों के लिए करीब 6 हजार से अधिक कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।



जिला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 17 नवम्बर को होने वाले मतदान के लिए कमिशनिंग का काम किया जा रहा है। इसके तहत ईवीएम में प्रत्याशियों का नाम एवं चुनाव चिन्ह दर्ज कर दिया गया है। वहीं वीवी पैट में चुनाव चिन्ह को अपलोड किया गया है। आज यह काम राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों के एजेंटों के सामने किया गया है। अब मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। रायपुर शहर के अंतर्गत रायपुर दक्षिण, उत्तर, पश्चिम व ग्रामीण आते हैं वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में धरसींवा, अभनपुर तथा आरंग विस क्षेत्र आता है। यहां पर सभी सीटों के निर्वाचन अधिकारियों को विधिवत प्रशिक्षण दिया गया है। कुल मतदान केंद्रों की संख्या 1768 है। एक मतदान केंद्र में पीठासीन अधिकारी सहित चार पुलिसकर्मी की ड्यूटी लगाई गई है। ये सभी मतदान दल 16 नवम्बर को रवाना कर दिए जाएंगे। मशीनों के सीरियल क्रमांक नोट किए जा रहे हैं। यह प्रशिक्षण बीटीआई शंकरनगर में चल रहा है।

निर्वाचन कार्य में लगे मतदान दलों को आज मतदान कराने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें निर्वाचन सूची को अल्फाबेट के आधार पर तैयार किया गया है। मतदाताओं को आधार कार्ड सहित 12 अन्य वैकल्पिक पहचान पत्र लाना होगा। मतदाताओं को स्याही लगाई जाएगी। रायपुर के पश्चिम विस क्षेत्र में वीवी पैट का उपयोग किया जाएगा। रायपुर जिले के कलेक्टर सर्वेश्वर भूरे के निर्देश पर चुनाव प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस समय बीटीआई में भी स्ट्रांग रूम बनाया जा रहा है। निर्वाचन कार्यालय के अनुसार अभी यह तय नहीं हो पाया है कि किस विस क्षेत्र की मतपेटी कहां रखी जाएगी और गणना किस आधार पर होगी। रायपुर में इस समय भाजपा के बृजमोहन अग्रवाल, राजेश मूणत, अनुज शर्मा तथा कांग्रेस से शिव डहरिया, कुलदीप जुनेजा, विकास उपाध्याय एवं छाया वर्मा की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है।

धान के झालर...



रायपुर 7 नवंबर। लक्ष्मी पूजा पर शुभ माने जाने वाले धान के झालरों की अच्छी बिक्री हो रही है। झालरों को घर के बाहर लटकाया जाता है।

# घोषणा पत्र कांग्रेस की विदाई का दस्तावेज: मरकाम

**रायपुर, 7 नवंबर।** भारतीय जनता पार्टी अनसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम ने कहा है कि कांग्रेस सरकार ने तेंदूपत्ता संग्राहकों को लूटा और छला है। कांग्रेस के शासनकाल में बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ क्षेत्र में तेंदूपत्ता नदियों में बहाया गया और आंध्र व ओड़िशा के ठेकेदारों को औने-पौने दाम पर बेचा गया। प्रदेश की भूपेश सरकार ने आदिवासियों के हरे सोने को काला सोना बनाकर रख दिया।

मरकाम ने कहा कि पिछले पाँच वर्षों के कांग्रेसी कुशासन ने छत्तीसगढ़ को फिर बदहाली के मुकाम पर ला खड़ा किया है। अब चूँकि विधानसभा के चुनाव हो रहे हैं, इसलिए भाजपा ने विकास के संकल्प के साथ अपना घोषणा पत्र जारी किया है। जनजातीय क्षेत्रों में भाजपा ने सबसे अहम संकल्प यह व्यक्त किया है कि भाजपा की सरकार बनने पर तेंदूपत्ता संग्राहकों को 4,500 रुपए बोनस और चरणपादुका के साथ-साथ वे सारी सुविधाएँ फिर से मुहैया कराई जाएंगीं, जो भाजपा की पूर्ववर्ती प्रदेश सरकार के कार्यकाल में दी जा रही थीं और कांग्रेस की आदिवासी विरोधी सरकार ने जिन्हें बंद कर दिया था। भाजपा अजजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री मरकाम ने सोमवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में नियमित प्रेस ब्रीफिंग के दौरान पत्रकारों से कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर तेंदूपत्ता संग्राहकों से अब 2,500 रु. से बढ़ाकर 5,500 रुपए प्रति मानक बोरा की दर से तेंदूपत्ता खरीदा जाएगा। इसी प्रकार तेंदूपत्ता की खरीदी की अवधि अब बढ़ाकर 15 दिन की जाएगी। कांग्रेस शासनकाल में खरीदी की यह अवधि घटाकर 1 या 2 दिन कर दी गई थी जिससे एक तो तेंदूपत्ता का संग्रहण काफी कम हो गया, दूसरे इससे तेंदूपत्ता संग्राहकों को काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। श्री मरकाम ने कहा कि भाजपा शासनकाल में तेंदूपत्ता संग्राहकों के बच्चों को शिक्षा अर्जित करने के लिए दी जाने छात्रवृत्ति कांग्रेस की सरकार ने बंद कर दी थी।

# पिछले 35 वर्षों से क्षेत्र के विकास में लगा हूँ: बृजमोहन

**रायपुर 7 नवंबर।** रायपुर दक्षिण विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने आज टिकरापारा क्षेत्र में सघन जनसंपर्क किया। उन्होंने लोगों से मुलाकात की और भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। इस दौरान अपने विधायक बृजमोहन अग्रवाल का घर-घर में अभिनंदन किया गया। उन्हें फूलों की माला पहनाकर और आरती उतार कर जीत के लिए शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर लोगों के बीच अपनी बात रखते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि पिछले 35 वर्षों से निरंतर वह क्षेत्र के विकास के काम में लगे हुए हैं। टिकरापारा क्षेत्र के वासी खुद गवाह है कि बीते वर्षों में होने वाली तकलीफों से आज टिकरापारा क्षेत्र को निजात मिल चुका है। उन्होंने कहा कि सघन आबादी वाले क्षेत्र में विकास करना चुनौतीपूर्ण कार्य होता है, हमने जन भावनाओं का सम्मान करते हुए उनकी मंशानुरूप हर वो काम कराए जो जनहित के लिए जरूरी थे। मैंने संपूर्ण रायपुर के विकास को ध्यान में रखकर कार्य किया है।



कैनाल लिंकिंग रोड का निर्माण भी इसी सोच के साथ कराया है। तेलीबांधा से लेकर टाटीबंध तक नेशनल हाईवे पर भटागांव-टिकरापरा, राजेंद्रनगर-न्यू राजेंद्र नगर, कुशालपुर- चंगोराभाटा के मध्य तीन ओवरब्रिज का निर्माण भी किया गया। इस निर्माण से क्षेत्र के लाखों लोगों की परेशानियां दूर हुई है। दुर्घटनों में भारी कमी आई है। नही तो रोजाना सड़क पार करते वक्त दुर्घटनाएं होती थी लोगों की जान जाती थी। बृजमोहन ने कहा कि रायपुर शहर मेरा परिवार है ऐसे में चुनाव के वक्त में अपने परिवार से साथ और सहयोग की अपेक्षा के साथ कमल फूल छाप में वोट करने और भाजपा की सरकार बनाने के आग्रह के साथ आपके पास आया हूं।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23